प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in




बड़ी बग़ावत से " आप" के भविष्य पर लगे सवालिया निशान पेज- 2

टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत छात्रों को किया जागरूक पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 125 | रविवार 26 अप्रैल 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रूपया

## एक लाख में बिक रहा पीएम मोदी का झालमुड़ी वाले को दिया 10 का नोट! खरीदने वालों की लगी होड़

(एजेंसी) नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव प्रचार अपने चरम पर है, लेकिन राजनीतिक रैलियों और तीखे बयानों के बीच एक दिलचस्प घटना ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। एक साधारण सी मुलाकात अब चर्चा का बड़ा विषय बन गई है। दरअसल, झाड़ग्राम में एक चुनावी सभा को संबोधित करने के बाद लौटते समय प्रधानमंत्री मोदी का काफिला अचानक सड़क किनारे एक झालमुड़ी विक्रेता के पास रुक गया। यहां उन्होंने आम लोगों की तरह 10 रुपये की झालमुड़ी खरीदी, उसका आनंद लिया और बदले में दुकानदार को 10 रुपये का नोट दिया। साधारण पल



बना खास कहानी झालमुड़ी बेचने वाले के लिए यह पल किसी सपने से कम नहीं था। जैसे ही यह खबर फैली कि प्रधानमंत्री उसकी दुकान पर रुके थे, वहां लोगों की भीड़ जुटने लगी। हर कोई उस जगह को देखने और उस दुकानदार से मिलने पहुंचने लगा। लेकिन असली चर्चा तब शुरू हुई, जब लोगों को पता चला कि प्रधानमंत्री द्वारा दिया गया 10 रुपये का वही नोट अभी भी दुकानदार के पास सुरक्षित है। 10 रुपये का नोट बना श्कीमती धरोहरस्य स्थानीय स्तर पर इस नोट को खरीदने के लिए लोगों में होड़ मच गई। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही चर्चाओं के अनुसार, कुछ संग्रहकर्ताओं और प्रशंसकों ने इस नोट के लिए ऊंची बोली लगानी शुरू कर दी, जो कथित तौर पर 1 लाख रुपये तक पहुंच गई। लोग इसे सिर्फ एक नोट नहीं, बल्कि एक ऐतिहासिक और सौभाग्य का प्रतीक मान रहे हैं। दुकानदार का दिलचस्प फैसला हालांकि इतनी बड़ी रकम की पेशकश के बावजूद दुकानदार ने यह नोट बेचने से इनकार कर दिया है। उसका कहना है कि प्रधानमंत्री का उसकी दुकान पर आना और खुद भुगतान करना उसके जीवन का सबसे यादगार पल है। वह इस नोट को फ्रेम करवाकर अपनी दुकान में संभाल कर रखना चाहता है। इस पूरी घटना के वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। जहां समर्थक इसे प्रधानमंत्री की सादगी और आम जनता से जुड़ाव का उदाहरण बता रहे हैं, वहीं विपक्षी दल इसे अलग नजरिए से देख रहे हैं।

## भाजपा का केजरीवाल पर हमला, 'दिल्ली का रहमान डकैत' बताया, लोधी रोड पर नए 'शीशमहल' का आरोप

(एजेंसी) नई दिल्ली। दिल्ली की राजनीति में एक बार फिर तीखा विवाद सामने आया है। भाजपा नेता परवेश वर्मा ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर गंभीर आरोप लगाए। वर्मा ने दावा किया कि केजरीवाल का संबंध लोधी एस्टेट



स्थित एक कथित आलीशान संपत्ति से है। उन्होंने कुछ लेआउट प्लान और इंटीरियर डिजाइन से जुड़े दस्तावेज पेश करते हुए कहा कि इस मकान में आधुनिक और महंगे डिजाइन का इस्तेमाल किया गया है, जिसमें फोयर, लिविंग रूम, बेडरूम, लाउंज और मीटिंग रूम जैसी सुविधाएं शामिल हैं। उन्होंने केजरीवाल की 'आम आदमी' वाली छवि पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह भ्रामक है। वर्मा ने आरोप लगाया कि केजरीवाल को साधारण घर नहीं, बल्कि एक भव्य आवास चाहिए था और इसी संदर्भ में 'शीशमहल' विवाद को फिर से उठाया। उन्होंने यह भी कहा कि कोविड–19 महामारी के दौरान जब लोग संकट झेल रहे थे, तब केजरीवाल अपने आवास के निर्माण में व्यस्त थे। वर्मा ने चार सवाल उठाते हुए पूछा कि इस संपत्ति पर कितना खर्च हुआ, इसका पैसा कहां से आया, क्या यही कारण है कि पार्टी के नेता छोड़ रहे हैं, और क्या इसका संबंध रद्द की जा चुकी शराब नीति से है। वर्मा ने यह भी दावा किया कि आप के अंदर असंतोष बढ़ रहा है और कई नेता 'लक्जरी लाइफस्टाइल' के कारण पार्टी छोड़ रहे हैं। इन आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने सभी दावों को खारिज कर दिया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि वर्मा द्वारा जारी की गई तस्वीरें फर्जी हैं और उनका केजरीवाल के घर से कोई संबंध नहीं है। आतिशी ने कहा कि अगर किसी को 'लक्जरी' पर सवाल उठाने हैं, तो सभी नेताओं को अपने–अपने घर जनता के सामने खोल देने चाहिए, ताकि लोग खुद सच्चाई देख सकें। फिलहाल, इस मामले ने दिल्ली की राजनीति में एक नया सियासी विवाद खड़ा कर दिया है, जहां आरोप–प्रत्यारोप का दौर जारी है।

## संजय सिंह बोले- राज्यसभा के सभापति को पत्र लिखेगी आप

### -सात बागी सांसदों को अयोग्य घोषित करने की करेंगे मांग

(एजेंसी) नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने पार्टी के सात राज्यसभा सांसदों के पार्टी



छोड़ने और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने के निर्णय को असंवैधानिक बताते हुए उनकी सदस्यता रद्द करने की मांग की है। आप नेता संजय सिंह ने शनिवार को कहा कि पार्टी राज्यसभा के सभापति को पत्र लिखकर इन सांसदों को उच्च सदन से अयोग्य घोषित करने का अनुरोध करेगी। संजय सिंह ने कहा कि दल–बदल विरोधी कानून स्पष्ट रूप से कहता है कि राज्यसभा और लोकसभा में किसी भी प्रकार के विभाजन या गुट का कोई कानूनी मान्यता नहीं है, भले ही उसमें दो–तिहाई बहुमत क्यों न हो। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि न तो दल–बदल विरोधी कानून और न ही संविधान की दसवीं अनुसूची किसी भी राज्यसभा या लोकसभा में विभाजन, अलग गुट या समूह को मान्यता देती है। आप नेता ने भाजपा में शामिल होने वाले सात सांसदों के कदम को पूरी तरह से अवैधानिक और अवैध बताया। उन्होंने कहा कि वे उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति को पत्र लिखकर इन सात सांसदों को अयोग्य घोषित करने की मांग कर रहे हैं। शुक्रवार को, आप के राज्यसभा सांसदों राघव चड्ढा, संदीप पाठक और अशोक मित्तल ने घोषणा की थी कि वे और चार अन्य पार्टी सांसदों के साथ भाजपा में शामिल हो रहे हैं। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, चड्ढा ने कहा था कि आप के 10 राज्यसभा सांसदों में से सात भाजपा के साथ विलय करने के लिए तैयार हैं। आप के इस कदम से राज्यसभा में राजनीतिक गरमाहट बढ़ने की उम्मीद है। पार्टी का मानना है कि सांसदों का यह कार्य दल–बदल विरोधी कानून का उल्लंघन है और उनकी सदस्यता रद्द होनी चाहिए। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि राज्यसभा के सभापति इस मामले में क्या निर्णय लेते हैं।

## राम माधव के बयान पर सियासी घमासान, राहुल गांधी का आरएसएस पर तीखा वार, 'राष्ट्रीय सरेंडर संघ' बताया

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के नेता राम माधव के अमेरिका में दिए एक बयान को लेकर शनिवार को दावा किया कि यह संगठन असल में राष्ट्रीय सरेंडर संघ है और उसके नेता



ने ही उसे बेनकाब कर दिया है। अमेरिका के हडसन इंस्टिट्यूट में एक कार्यक्रम में माधव ने पिछले दिनों कहा था, भारत ईरान से तेल खरीदना बंद करने पर सहमत हो गया, अपने विपक्ष की आलोचना के बावजूद हम रूस से तेल खरीदना बंद करने पर सहमत हो गए, भारत ने बिना अधिक कुछ कहे 50 फीसद टैरिफ पर भी सहमति दे दी, तो फिर भारत अमेरिका के साथ मिलकर काम करने के लिए कहां पर्याप्त कोशिश नहीं कर रहा है। बाद में, माधव ने माफी मांग ली और कहा कि उनकी तरफ से गलत तथ्य रखा गया था। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, राष्ट्रीय सरेंडर संघ। नागपुर में फर्जी राष्ट्रवाद, अमेरिका में शुद्ध गुलामी। उन्होंने कहा कि राम माधव ने ही संघ का असली चेहरा बेनकाब कर दिया है।

## राघव चड्ढा को जेन-जी का झटका, बीजेपी में शामिल होते ही 1 मिलियन फॉलोअर्स घटे

(एजेंसी) नई दिल्ली। राजनीति में शुक्रवार को बड़ा उलटफेर तब देखने को मिला जब राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने आम आदमी पार्टी (आप) छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) का दामन थाम लिया। इस फैसले ने सियासी गलियारों में हलचल तो मचाई ही, साथ ही डिजिटल दुनिया में भी इसका तेज असर देखने को मिला। खासकर युवा वर्ग, जिसे अक्सर जेन–जी कहा जाता है, इस कदम से नाखुश नजर आ रहा है। आज के दौर में सोशल मीडिया किसी भी नेता की लोकप्रियता का एक अहम पैमाना बन चुका है। ऐसे में राघव चड्ढा के इंस्टाग्राम फॉलोअर्स में आई अचानक गिरावट ने सबका ध्यान खींचा है। आंकड़ों के मुताबिक, शुक्रवार को उनके इंस्टाग्राम पर करीब 14.6 मिलियन फॉलोअर्स थे, जो शनिवार दोपहर तक घटकर 13.5 मिलियन रह गए। यानी 24 घंटे से भी कम समय में लगभग 10 लाख लोगों ने उन्हें अनफॉलो कर दिया। यह गिरावट सिर्फ संख्या नहीं, बल्कि उनके फैसले पर जनता की प्रतिक्रिया का संकेत मानी जा रही है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर रुन्दविससवृत्हींअबिंकीं तेजी से ट्रेंड करने लगा, जहां कई यूजर्स ने इस कदम को 'धोखा' बताते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की। राघव चड्ढा की छवि लंबे समय तक एक ऐसे युवा नेता की रही, जो आम मुद्दों को सरल तरीके से उठाते थे। पितृत्व अवकाश, गिग वर्कर्स के अधिकार, और 10 मिनट डिलीवरी जैसे मुद्दों पर उनकी सक्रियता ने उन्हें युवाओं के बीच खास पहचान दिलाई थी। यहां तक कि वे एक दिन के लिए ब्लिंकिट डिलीवरी पार्टनर भी बने थे, जिससे उनकी 'ग्राउंड से जुड़े' नेता की छवि मजबूत हुई। लेकिन बीजेपी में शामिल होने के उनके फैसले ने उनके समर्थकों के एक बड़े हिस्से को निराश कर दिया। खासकर वे युवा, जो उन्हें पारंपरिक राजनीति से अलग मानते थे, अब खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। राजनीतिक हलकों में यह चर्चा भी तेज है कि बीजेपी में शामिल होते ही राघव चड्ढा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की आलोचना वाले पुराने पोस्ट्स हटा दिए हैं। आप नेता सौरभ भारद्वाज ने दावा किया कि अब उनकी टाइमलाइन पर मोदी से जुड़े केवल दो पोस्ट बचे हैं, और दोनों ही सकारात्मक हैं। इस कदम ने भी आलोचना को हवा दी है, क्योंकि विरोधी इसे 'राजनीतिक सुविधा' के हिसाब से बदली गई छवि के रूप में देख रहे हैं। एनसीपी (एसपी) के प्रवक्ता अनीश गावंडे ने इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जेन–जी के 'अनफॉलो अभियान' ने चड्ढा की लोकप्रियता पर सीधा असर डाला है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, "इंटरनेट आपको रातोंरात हीरो बना सकता



है और उतनी ही तेजी से आपको जीरो भी बना सकता है।" वहीं, राजनीतिक विश्लेषक दीक्षा कांडपाल ने भी इस ट्रेंड पर ध्यान दिलाते हुए कहा कि चड्ढा की हालिया पोस्ट्स पर बड़ी संख्या में यूजर्स उन्हें अनफॉलो करने की अपील कर रहे हैं। राघव चड्ढा, जो बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा के साथ अपनी शादी को लेकर भी चर्चा में रहते हैं, ने हाल ही में एक इंस्टाग्राम रील शेयर की थी। इसमें एक यूजर ने उन्हें जेन–जी पार्टी' बनाने का सुझाव दिया था। लेकिन मौजूदा हालात को देखते हुए यह सुझाव अब सोशल मीडिया पर व्यंग्य का विषय भी बन रहा है। यहां तक कि मशहूर पर्वतारोही रोहताश खिलेरी, जिन्होंने हाल ही में माउंट एल्ब्रस पर बिना ऑक्सीजन 24 घंटे बिताने का रिकॉर्ड बनाया, ने भी चड्ढा को अनफॉलो कर दिया। इससे यह साफ होता है कि यह प्रतिक्रिया सिर्फ आम यूजर्स तक सीमित नहीं है। राघव चड्ढा को राजनीति में डेटा और रणनीति का माहिर खिलाड़ी माना जाता है। ऐसे में अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या वे इस 'डिजिटल डैमेज' की भरपाई कर पाएंगे? क्या वे फिर से युवाओं का भरोसा जीत सकेंगे? यह स्पष्ट है कि आज के समय में राजनीतिक फैसलों का असर सिर्फ संसद या सड़कों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि सोशल मीडिया पर भी तुरंत दिखाई देता है। आने वाले समय में यह देखना दिलचस्प होगा कि राघव चड्ढा अपनी छवि को दोबारा कैसे गढ़ते हैं और जेन–जी के बीच अपनी खोई हुई पकड़ वापस हासिल कर पाते हैं।

## हम पवन खेड़ा के साथ खड़े हैं, न्याय की जीत होगी : कांग्रेस

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस ने गुवाहाटी उच्च न्यायालय द्वारा पवन खेड़ा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज किए जाने के बाद शनिवार को कहा कि वह अपने मीडिया विभाग के प्रमुख के साथ खड़ी है और उम्मीद जताई कि श्उत्पीड़न की राजनीति पर न्याय की जीत होगी। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने श्एक्सश पर पोस्ट कर कहा, पूरी कांग्रेस अपने मीडिया और प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा के साथ मजबूती से एकजुट खड़ी है। गुवाहाटी उच्च न्यायालय के फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा, हमें विश्वास है



कि धमकी, डराने–धमकाने और उत्पीड़न की राजनीति पर न्याय की जीत गुवाहाटी उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को खेड़ा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। यह याचिका हिमंत विश्व शर्मा की पत्नी पर कई पासपोर्ट और विदेश में अघोषित संपत्तियां होने के आरोपों से जुड़े मामले में दायर की गई थी। मुख्यमंत्री शर्मा की पत्नी रिंकी भुइयां शर्मा ने खेड़ा और अन्य लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत गुवाहाटी अपराध शाखा पुलिस थाने में आपराधिक मामले दर्ज कराए थे। इससे पहले तेलंगाना उच्च न्यायालय ने खेड़ा को सात दिन की ट्रांजिट अग्रिम जमानत दी थी, लेकिन असम पुलिस ने इसके खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख किया था। शीर्ष अदालत ने अंतरिम आदेश पारित कर ट्रांजिट अग्रिम जमानत पर रोक लगा दी थी और खेड़ा को गुवाहाटी उच्च न्यायालय जाने को कहा था।

## प्रियंका गांधी का भाजपा पर प्रहार, पीड़ित को प्रताड़ित करना ही अब नई व्यवस्था

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तर प्रदेश में एक युवती की हत्या से पहले उसकी शिकायत दर्ज करने में आनाकानी करने, फिर दबंगों के पीड़ित परिवार पर दबाव बनाने को लेकर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है और कहा है कि भाजपा शासन में अब यह नयी व्यवस्था बन गयी है। श्रीमती वाड्रा ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में एक लड़की की हत्या के मामले में पहले प्राथमिकी दर्ज



करने में आनाकानी, फिर पीड़ित परिवार को धमकियां मिलना और दबंगों द्वारा अराजकता फैलाना यह दिखाता कि प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अत्याचार चरम पर है। उन्होंने कहा भाजपा राज में अब यही अघोषित कानून बन गया है कि जब भी किसी महिला पर अत्याचार होता है तो पीड़ित को ही और प्रताड़ित किया जाता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं होने का आरोप लगाते हुए कहा ष्महिलाओं को लेकर प्रधानमंत्री जी की बड़ी–बड़ी बातें सिर्फ दिखावा हैं। उन्नाव हो, हाथरस हो, प्रयागराज हो या गाजीपुर, जहां भी महिलाओं के साथ अन्याय हुआ, भाजपा अपनी पूरी सत्ता के साथ पीड़िता के खिलाफ, अत्याचारी के साथ खड़ी हो गई। देश भर की महिलाएं ये अंधेरगर्दी देख रही हैं।

# सम्पादकीय

## यूरोप और अमेरिका में टकराव की आहट!

ईरान के साथ जारी भीषण युद्ध ने अमेरिकी सैन्य शक्ति बेदम हो गई है। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि ताजा रिपोर्ट्स और आंकड़ों ने वाशिंगटन के गलियारों में हड़कंप मचा दिया है। खबर है कि फरवरी के आखिर में शुरू हुई इस जंग में अमेरिका ने अपनी उन लंबी दूरी की स्टील्थ क्रूज मिसाइलों का आधा स्टॉक खत्म कर दिया है। जिन्हें उसने भविष्य में चीन के साथ संभावित महायुद्ध के लिए संभालकर रखा था। पेंटागन के अंदरूनी अनुमानों के मुताबिक, अमेरिका के पास अब इन मिसाइलों का भंडार चिंताजनक स्तर तक नीचे गिर गया है। आंकड़ों की



नफीस जाफरी

बात करें तो अमेरिका अब तक 1,100 से अधिक लंबी दूरी की स्टील्थ क्रूज मिसाइलें दाग चुका है। यह संख्या इसलिए अमेरिकी लोगों को डराने वाली है क्योंकि यह अमेरिका के कुल स्टॉक का लगभग आधा हिस्सा है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, युद्ध में 1,000 से ज्यादा टॉमहॉक क्रूज मिसाइलों का भी इस्तेमाल किया गया है। गौर करने वाली बात यह है कि जितनी टॉमहॉक मिसाइलें अमेरिका एक साल में खरीदता है, उससे 10 गुना ज्यादा उसने महज कुछ हतों की इस जंग में फूंक दी हैं। एक अकेले टॉमहॉक मिसाइल की कीमत करीब +3.6 मिलियन (लगभग 30 करोड़ रुपये) है। बहरहाल, अब बात यूरोप और अमेरिका की तो यह किसी से छिपा नहीं है कि यूरोप और अमेरिका में टकराव बढ़ता जा रहा है। भले ही यूरोप अभी अमेरिका को चुनौती देने की स्थिति में भले ही ना हो पर वो अपनी अलग लाइन बनाता दिख रहा है। यूरोपीय संघ के देशों ने संयुक्त राष्ट्र वार्ता में अगले सप्ताह शिपिंग से होने वाले उत्सर्जन पर ग्लोबल प्राइस के लिए दबाव बनाए रखने पर सहमति जताई, जिससे इस प्रस्ताव पर अमेरिका के साथ एक और संभावित टकराव की स्थिति बन गई है। अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ) में सरकारों ने पिछले साल जलवायु योजना को एक साल के लिए स्थगित करने का फैसला किया था, क्योंकि ट्रंप प्रशासन ने इस उपाय का कड़ा विरोध किया था और इसका समर्थन करने वाले प्रतिनिधियों पर प्रतिबंध और वीजा प्रतिबंध लगाने की धमकी दी थी। रॉयटर्स द्वारा देखे गए अगले सप्ताह के आईएमओ वार्ता के लिए यूरोपीय संघ की वार्ता स्थिति के अनुसार, इससे यूरोपीय देशों को योजना को पुनर्जीवित करने के प्रयास करने से नहीं रोका जा सका है। दस्तावेज में कहा गया है कि यूरोपीय संघ के देश बैठक में जलवायु उपायों पर बातचीत से हटाने के किसी भी प्रयास का विरोध करेंगे। दस्तावेज में कहा गया है कि अगर इससे समर्थन जुटाने में मदद मिलती है, तो यूरोपीय संघ के देश मूल कार्बन मूल्य निर्धारण योजना में बदलाव पर विचार करेंगे। हालांकि, कुछ यूरोपीय संघ के अधिकारियों ने कहा कि अमेरिका के कड़े विरोध को देखते हुए जलवायु उपायों पर किसी भी समझौते के पारित होने की संभावना कम है। अक्टूबर में हुई बैठक में कुल 57 देशों – जिनमें चीन और लाइबेरिया जैसे प्रमुख शिपिंग राज्य शामिल हैं – ने कार्बन मूल्य निर्धारण को स्थगित करने के पक्ष में मतदान किया, जबकि 49 देशों ने समझौता करने की मांग की। समर्थकों में यूरोपीय राष्ट्र, ब्राजील और जलवायु परिवर्तन के प्रति संवेदनशील कुछ छोटे द्वीप देश शामिल थे। दुनिया के तीन सबसे बड़े जहाज पंजीकरण निकायों, लाइबेरिया, पनामा और मार्शल द्वीप समूह के गठबंधन के साथ–साथ सऊदी अरब की बहरी सहित तेल टैंकर कंपनियों ने आईएमओ सदस्यों से अगले सप्ताह होने वाली बैठक में मूल कार्बन मूल्य निर्धारण योजना के विकल्पों पर विचार करने का आग्रह किया है। उन्होंने एक बयान में कहा, पिछले साल आईएमओ की बैठक के बाद से मौजूदा ढांचे के लिए समर्थन लगातार कम होता जा रहा है।

# बड़ी बग़ावत से " आप" के भविष्य पर लगे सवालिया निशान



गुलफिशा खान

आम आदमी पार्टी यानी आप के सात राज्यसभा सांसदों के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने को लेकर आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने अपना पहला रिएक्शन दिया है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट कर कहा है कि भाजपा ने फिर से पंजाबियों के साथ धोखा किया है। पार्टी के सांसदों के भाजपा में शामिल होने के लेकर आम आदमी पार्टी ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। पार्टी के मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने कहा है कि ये पंजाबियों के साथ धोखा है। पंजाब की जनता ऐसा करने वालों को जवाब जरूर देगी। विदित हो कि बीते शुक्रवार को देश की राजधानी नई दिल्ली के सियासी गलियारों में उस वक्त भारी हलचल मच गई, जब आम आदमी पार्टी के दिग्गज नेता और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने पार्टी से नाता तोड़ने का चौंकाने वाला ऐलान कर दिया। यह घटनाक्रम केवल एक इस्तीफे तक सीमित नहीं है, बल्कि राघव चड्ढा ने दावा किया है कि वे दो–तिहाई सांसदों के साथ भाजपा का दामन थामने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर अटूट विश्वास जताते हुए चड्ढा ने कहा कि देश के विकास के लिए उनका विजन ही एकमात्र रास्ता है। राजधानी दिल्ली में हुए इस बड़े राजनीतिक घटनाक्रम ने आप के भविष्य पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। राघव चड्ढा ने उन नामों का भी खुलासा किया जो उनके साथ पाला बदला हैं, जिनमें संदीप पाठक, स्वाति मालीवाल, अशोक मित्तल, हरभजन सिंह और राजेंद्र गुप्ता जैसे प्रभावशाली नेताओं के नाम शामिल हैं। यह दावा हकीकत में बदलने के साथ ही यह न केवल दिल्ली और पंजाब की राजनीति के समीकरण बदल देगा, बल्कि राज्यसभा में भी आम आदमी पार्टी के वजूद को एक बड़ी चुनौती देगा। राघव चड्ढा ने दावा किया कि हमारे साथ दो तिहाई ज्यादा आप के राज्यसभा सांसद हमारे साथ हैं। उन्होंने साइन भी कर दिया है। जैसा कि उल्लेखनीय है कि इसमें हरभजन सिंह, स्वाति मालीवाल, राजिंदर गुप्ता, संदीप पाठक, विक्रमजीत साहनी और अशोक मित्तल सहित कई नेताओं राघव चड्ढा के साथ शामिल हैं। यहां यह बताते चलें कि राज्यसभा में आप के पास राज्यसभा में 10 सांसद हैं. 7 पंजाब से और 3 दिल्ली से हैं। जहां तक राघव का सवालद है तो राघव चड्ढा ने आम आदमी पार्टी से राजनीति में कदम रखा। उन्होंने 2019 का लोकसभा चुनाव दक्षिण दिल्ली संसदीय सीट से





उम्मीदवार के रूप में लड़ा, हालांकि उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में उन्होंने राजेंद्र नगर सीट से जीत दर्ज की और पहली बार विधायक बने। उनके राजनीतिक कद में तब और इजाफा हुआ जब वर्ष 2022 में आम आदमी पार्टी ने उन्हें राज्यसभा के लिए मनोनीत किया। हरभजन सिंह भारत के सबसे सफल ऑफ–स्पिन गेंदबाजों में गिने जाते हैं और राजनीति में आम आदमी पार्टी के जरिए सक्रिय रहे हैं। पंजाब के जालंधर में जन्मे हरभजन ने 1998 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर की शुरुआत की और दो दशकों तक भारतीय गेंदबाजी आक्रमण की अहम कड़ी बने रहे। वे 2007 टी–20 विश्व कप और 2011 वनडे विश्व कप विजेता भारतीय टीम के प्रमुख सदस्य रहे। क्रिकेट से संन्यास के बाद उन्होंने राजनीति का रुख किया और वर्ष 2022 में आम आदमी पार्टी के टिकट पर निर्विरोध राज्यसभा सांसद चुने गए। स्वाति मालीवाल आम आदमी पार्टी की ओर से दिल्ली का प्रतिनिधित्व करने वाली राज्यसभा सांसद रही हैं और उनकी पहचान एक मुखर महिला अधिकार कार्यकर्ता के रूप में रही है। वर्ष 2015 से 2024 तक वे दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष रहीं, जहां उन्होंने एसिड अटैक, मानव तस्करी और यौन उत्पीड़न जैसे मामलों में सख्त रुख अपनाया। हालांकि, पार्टी के भीतर मतभेदों और मुख्यमंत्री आवास से जुड़े कथित विवाद के चलते वे हाल के समय में सुर्खियों में रहीं। राजिंदर गुप्ता पंजाब के एक बड़े उद्योगपति हैं. वो ट्राइडेंट ग्रुप के संस्थापक और चेयरमैन है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार राजिंदर गुप्ता पंजाब से सबसे अमीर व्यक्ति हैं। राजिंदर गुप्ता का जन्म 2 जनवरी 1959 को हुआ था. ट्राइडेंट ग्रुप का मुख्यालय लुधियाना, पंजाब में स्थित है। इस ग्रुप की प्रमुख इंडस्ट्रीज में होम टेक्सटाइल्स, पेपर मैन्युफैक्चरिंग, केमिकल्स और पावर शामिल हैं। राजनीति में उनकी भूमिका तब और मजबूत हुई जब आम आदमी पार्टी ने उन्हें पंजाब से राज्यसभा सांसद के रूप में संसद भेजा। संदीप पाठक आम आदमी पार्टी के प्रमुख रणनीतिकार माने जाते हैं और उन्हें पार्टी का 'चाणक्य कहा जाता है। छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले से ताल्लुक रखने वाले संदीप पाठक का शैक्षणिक करियर बेहद उत.ष्ट रहा है और वे राजनीति में आने से पहले शिक्षाविद थे। अरविंद केजरीवाल और पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर उन्होंने संगठन से जुड़ते हुए चुनावी रणनीतियों की कमान संभाली। पार्टी में उनकी अहमियत का अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्हें राष्ट्रीय संगठन महासचिव जैसी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई। विक्रमजीत सिंह साहनी एक प्रतिष्ठित उद्योगपति और राजनेता हैं, जो पंजाब से आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद रहे हैं। वे अपनी बेदाग छवि और शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में योगदान के लिए जाने जाते हैं। वर्ष 2022 में राज्यसभा सदस्य बनने के बाद से वे संसद में पंजाब के आर्थिक विकास, प्रवासी भारतीयों के हितों और अंतरराष्ट्रीय व्यापार से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाते रहे हैं। सिख समुदाय और कारोबारी जगत में उनके प्रभाव को देखते हुए उनकी राजनीतिक भूमिका को काफी अहम माना जाता है। अशोक कुमार मित्तल एक शिक्षाविद, उद्योगपति और राजनेता हैं, जो आम आदमी पार्टी की ओर से पंजाब से राज्यसभा सांसद रहे हैं. वे लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के संस्थापक चांसलर हैं। पंजाब के जालंधर में साधारण पृष्ठभूमि से आने वाले अशोक मित्तल ने शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा संस्थान खड़ा कर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई। वर्ष 2022 में आम आदमी पार्टी ने शिक्षा क्षेत्र में उनके योगदान को ध्यान में रखते हुए उन्हें राज्यसभा के लिए नामित किया।

# बंगाल चुनाव- मुस्लिम वोटरों का नया ट्रेंड सामने आया



फरीद वारसी

चुनावी राजनीति में दिलचस्पी रखने वालों को यह जानकर हैरानी होगी कि पश्चिम बंगाल में पहले चरण के मतदान के दौरान छप्परफाड़ वोटिंग हुई है। पहली बार ऐसा मतदान हुआ कि इतिहास रच दिया गया है, लेकिन अब बंगाल में चर्चा जोरों से हो रही है कि बंपर वोटिंग के क्या मायने हैं। किसकी सरकार बनेगी, क्या ममता हार जाएगी या जीत जाएगी? क्या भाजपा के लिए पहली बार पश्चिम बंगाल का दरवाजा खुलेगा? ये तमाम सवाल है जिसका जवाब देश जानना चाहता है। लेकिन क्या ये इतना आसान है? बंगाल में विधानसभा चुनाव 2026 का पहला चरण खत्म हो गया है। राज्य के 16 जिलों में 152 सीटों पर मतदान हुआ और इस मतदान से प्रदेश से लेकर देश में खलबली मच गई है। आखिरकार करीब 92 फीसदी वोटिंग कैसे हो गई, जबकि इन्हीं सीटों पर पिछली बार 82.64 फीसदी मतदान हुआ था। विदित हो कि 2021 में 152 सीटों पर टीएमसी को 92 सीटें, भाजपा को 59 सीटें और अन्य को 1 सीट मिली थी। अब प्रदेश में चुनाव एसआईआर में वोटरों के नामों की कटौती, रेवड़ी राजनीति, घुसपैठ, ममता सरकार के 15 साल के कामकाज, ममता के कामों का लेखा–जोखा, बेरोजगारी, शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था के बुरे हाल जैसे मुद्दों पर हो रहे हैं। लेकिन प्रदेश में इतनी बंपर वोटिंग यानी 91.78 फीसदी हो गई है। यह उछाल बताता है कि मतदाता इस बार अधिक उत्साहित और सक्रिय हैं। चुनाव सिर्फ प्रक्रिया नहीं, बल्कि जनभागीदारी का उत्सव बन गया है। वहीं टीएमसी और भाजपा दावा कर रही हैं कि उनकी जीत पक्की है। वहीं गौर करने वाली बात यह है कि मतदान के बीच कई जिलों से मुस्लिमों के बंपर वोटिंग के आंकड़े सामने आ रहे हैं। जैसा कि उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण की वोटिंग ने नया इतिहास रच दिया है। इस चुनाव में मुसलमान मतदाताओं का क्या रुख रहा, इसकी झलक मुर्शिदाबाद की 4 मुस्लिम बहुल सीटों के ट्रेंड देखकर लगाया जा सकता है। यहां कम से कम 4 मुस्लिम बहुल सीटें ऐसी हैं, जहां मतदान का प्रतिशत 95 फीसदी को पार कर गया है। ये मुस्लिम वोटरों का नया ट्रेंड साफ दिखाता है। आंकड़ों के




मुताबिक, मुर्शिदाबाद में रघुनाथगंज विधानसभा सीट पर भारी संख्या में मतदान हुआ है। शाम 5 बजे तक वोटिंग का प्रतिशत 95.64 को पार कर गया था. चाणक्या के मुताबिक, इस सीट पर मुस्लिम मतदाताओं की संख्या 79.9 फीसदी है। इस लिहाज से देखें तो अधिकतर मतदाताओं ने इस बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। इसी तरह भगवानगोला सीट पर कुल वोटरों में मुस्लिम समुदाय की संख्या 85.7 फीसदी बताई जाती है। लालगोला सीट पर भी बंपर वोटिंग हुई है। यहां कुल मतदाताओं में 77.3 फीसदी मुस्लिम वोटर हैं, जबकि इस चुनाव में मतदान करने वालों की संख्या 95.07 प्रतिशत से आगे निकल गई है। अब शमशेरगंज सीट का भी ट्रेंड देख लीजिए. शाम 5 बजे तक के मतदान के आंकड़े देखें तो यहां 95.34 फीसदी से ज्यादा मतदाता वोटिंग के लिए निकले। चाणक्या के अनुसार, इस सीट पर 79.8 फीसदी मुस्लिम वोटर हैं। 2011 की जनगणना के मुताबिक, पश्चिम बंगाल में मुस्लिम समुदाय की आबादी लगभग 27 फीसदी थी। राज्य के मुर्शिदाबाद, मालदा और उत्तर दिनाजपुर जिलों को मुस्लिम बहुल माना जाता है। 2021 के विधानसभा चुनावों में ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी को मुस्लिमों के प्रभाव वाली सीटों पर भर–भरकर वोट मिले थे। इस चुनाव में मुस्लिम बहुल 85 सीटों में से 75 पर टीएमसी को जीत मिली थी। देखना है कि इस बार राज्य के मतदाता ममता बनर्जी पर मेहरबान होते हैं या फिर नए बदलाव की पटकथा लिखते हैं। इसके लिए 4 मई तक का इंतजार करना होगा।

# अधिकारों को फिर बल प्रदान

जब देश के कई हिस्सों में फज़ी मुठभेड़ और बुल्डोजर जस्टिस को प्रशासनिक नीति का हिस्सा बना लिया गया है, मद्रास हाई कोर्ट ने यातना के विरुद्ध नागरिकों के मौलिक अधिकार को इतनी गंभीरता से लिया, ये काबिल–ए–तारीफ है।

दो व्यक्तियों की हिरासत में मौत के मामले में नौ पुलिसकर्मियों को सजा–ए–मौत सुनाया जाना आज के दौर में असाधारण घटना है। जब देश के कई हिस्सों में फज़ी मुठभेड़ और बुल्डोजर जस्टिस को प्रशासनिक नीति का हिस्सा बना लिया गया है, मद्रास हाई कोर्ट की मदुरै बेंच ने यातना के विरुद्ध नागरिकों के मौलिक अधिकार के उल्लंघन को इतनी गंभीरता से लिया, ये काबिल–ए–तारीफ है। मामला जून 2020 में कोविड संबंधी प्रतिबंधों के दौरान तय से अधिक समय तक मोबाइल रिपेयर की दुकान खोले रखने से संबंधित था। महज इतनी–सी जुर्म के लिए पुलिस कर्मियों ने 59 वर्षीय जयराज को हिरासत में ले लिया। जब उन्हें छुड़ाने उनके 31 वर्षीय बेटे बेनिक थाने गए, तो उन्हें भी हवालात में डाल दिया गया। वहीं दोनों की मौत हो गई।

मजिस्ट्रेट की जांच के दौरान उनके शरीर पर गंभीर किस्म के 18 जख्म पाए। इनमें जलने के निशान भी थे। डॉक्टरों की टीम ने पुष्टि की कि दोनों की मौत उन्हीं जख्मों के कारण हुई। इस पर भड़के जन विरोध के मद्देनजर मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई। हाई कोर्ट ने सीबीआई की इस दलील को स्वीकार किया है कि हिरासत में रात भर दी गई यातना पूर्व–नियोजित थी, इसलिए आरोपियों को अधिकतम संभव दंड मिलना चाहिए। सजायाफ्ता पुलिसकर्मियों के पास अभी सुप्रीम कोर्ट में जाने का विकल्प है। मगर अब तक की न्यायिक कार्यवाही से स्पष्ट है कि जब देश महामारी से गुजर रहा था, उन पुलिसकर्मियों ने अपने अधिकार का दुरुयोग किया।

दो आम नागरिकों को हिरासत में लेकर उन्होंने उनकी जान ले ली। उनका मकसद क्या था, इस बारे में अनुमान ही लगाए जा सकते हैं। मगर ऐसी घटना किसी रूप में क्षम्य नहीं है। डीके बसु बनाम पश्चिम बंगाल सरकार के मामले में 1997 में सर्वोच्च न्यायालय ने हिरासत में मौतों को अत्यधिक गंभीरता से लेते हुए इस बारे में विस्तृत दिशा–निर्देश जारी किए थे। लेकिन उसके बाद देश का माहौल बदलता चला गया, जिससे नागरिक अधिकार पृष्ठभूमि में चले गए। मगर मद्रास हाई कोर्ट ने अपने ताजा फैसले से उन अधिकारों को फिर बल प्रदान किया है।

# पंचायत से संसद तकः नारी नेतृत्व, डिजिटल सुशासन और विकसित भारत का संकल्प'

'प्रो. एस. पी. सिंह बघेल'

जब कोई राष्ट्र अपनी जड़ों को सींचता है, तो उसकी शाखाएं आसमान छूती हैं। भारत की वे जड़ें उसकी पंचायतें हैं और उन पंचायतों की आत्मा आज उसकी महिलाएं हैं। 24 अप्रैल 1993 को 73वें संविधान संशोधन के माध्यम से जब गांवों की सरकार को संवैधानिक मान्यता मिली, तो भारतीय लोकतंत्र ने एक नया अध्याय लिखा। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में पंचायती राज को नई ऊर्जा और दिशा मिली है। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि सत्ता केवल दिल्ली के गलियारों तक सीमित न रहे, बल्कि देश के अंतिम गांव की दहलीज़ तक पहुंचे। शविकसित भारत 2047श का विजन 2.5 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों की मजबूत नींव पर आधारित है, जो देश की लगभग 64 प्रतिशत जनसंख्या की जीवनरेखा हैं। लोकतंत्र की पाठशालारू नारी नेतृत्व का उदय राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस 2026 एक विशेष गौरव के साथ मनाया जा रहा है। नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में माननीय प्रधानमंत्री जी ने पंचायती राज संस्थाओं को देश में महिला नेतृत्व की सबसे बड़ी पाठशाला बताया – यह उस वास्तविकता की स्वीकृति थी जो आज ग्रामीण भारत में प्रतिदिन घटित हो रही है। देशभर में पंचायती राज संस्थाओं में निर्वाचित प्रतिनिधियों की कुल संख्या 32 लाख से अधिक है। वर्तमान में उपलब्ध आँकड़ों के अनुसार, 24,41,781 निर्वाचित प्रतिनिधियों में से 12,14,885 महिलाएँ हैं, जो कुल का लगभग 49.75 प्रतिशत हैं। 21 राज्यों तथा 2 केन्द्र शासित प्रदेशों ने पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत तक आरक्षण लागू किया है। पिछले चार वर्षों में संचयी रूप से 33.50 लाख महिला प्रतिनिधियों को नेतृत्व एवं सुशासन पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया है – और 2025–26 में ही 9.37 लाख महिला प्रतिनिधियों को प्रशिक्षित किया गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 47.7 प्रतिशत की वृद्धि है। सशक्त पंचायत नेत्री अभियान और नारी शक्ति वंदन अधिनियम शसशक्त पंचायत नेत्री अभियानत्र महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों को उनकी संवैधानिक जिम्मेदारियों, अधिकारों और नेतृत्व क्षमताओं के प्रति सजग और सक्षम बनाता है। शमहिला–हितैषी ग्राम पंचायतत्र और शनिर्भय रहोत्र जैसी पहलें महिलाओं को जमीनी लोकतंत्र में सुरक्षित और सशक्त भागीदारी के लिए प्रेरित कर रही हैं। शनिर्भय रहोत्र निर्भया फंड के अंतर्गत संचालित है और यह कानूनी जागरूकता, सामाजिक संवेदनशीलता एवं तकनीकी सशक्तिकरण को एकीकृत करते हुए ग्रामीण शासन में महिलाओं और बालिकाओं के लिए अनुकूल वातावरण निर्मित कर रही है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम – लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करते हुए – भारतीय लोकतंत्र में उनकी भूमिका को स्थायी और सशक्त रूप से स्थापित करता है। पंचायतों की पाठशाला में तैयार महिला नेतृत्व ही विधानसभाओं और संसद में बदलाव की वाहक बनेगी। सोलहवाँ वित्त आयोगरू संसाधनों में अभूतपूर्व वृद्धि वित्तीय सशक्तिकरण किसी भी संस्था की कार्यक्षमता की आत्मा होती है। 16वें वित्त आयोग ने 2026 से 2031 की अवधि के लिए ग्रामीण स्थानीय निकायों को 4.35 लाख करोड़ रुपये का ऐतिहासिक आवंटन किया है – जो 15वें वित्त आयोग की तुलना में 84 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2026–27 में ही 1.40 लाख करोड़ रुपये का अनुदान आवंटित है। यह वित्तीय सुदृढ़ता पंचायतों को केवल खर्च करने की क्षमता नहीं देती, बल्कि उन्हें विकास के एजेंडा को स्वयं निर्धारित करने का आत्मविश्वास भी प्रदान करती है। स्व–स्रोत राजस्व नीति और प्रदर्शन–आधारित अनुदान ने पंचायतों में जवाबदेही और प्रतिस्पर्धा – दोनों को एक साथ प्रोत्साहित किया है। समावेशी और पारदर्शी शासन शसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासत्र का मार्गदर्शक मंत्र पंचायती राज मंत्रालय के प्रत्येक कदम का आधार है। ई–ग्राम स्वराज मंच के माध्यम से देशभर की ग्राम पंचायतों ने 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक के ऑनलाइन भुगतान संसाधित किए हैं। सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली से एकीकृत यह मंच प्रत्येक लेनदेन को सीधे विक्रेताओं और सेवा प्रदाताओं तक वास्तविक समय में पहुंचाता है। 2.5 लाख से अधिक पंचायतों और 1.6 करोड़ वेंडर्स का इससे जुड़ना डिजिटल सुशासन की व्यापक स्वीकृति का प्रमाण है। वर्ष 2025–26 में 2.5 लाख से अधिक पंचायतों ने सतत् विकास लक्ष्यों को 9 थीम्स में विभाजित कर अपनी विकास योजनाएँ स्वयं तैयार कीं – ग्रामीण विकास को लक्ष्य–उन्मुख और परिणाम–केंद्रित बनाते हुए। पेसा रैंकिंगरू अनुसूचित क्षेत्रों में स्वशासन की नई पहल पंचायती राज मंत्रालय ने पहली बार 25 जनवरी 2026 को वर्ष 2024–25 के लिए पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम, 1996 (पेसा) के अंतर्गत राज्यों के प्रदर्शन की राज्यवार रैंकिंग जारी की। इसका उद्देश्य स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना, पारदर्शिता और जवाबदेही को सुदृढ़ करना तथा अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभा आधारित स्वशासन को मजबूत करना है। इस रैंकिंग में महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और हिमाचल प्रदेश फ्रंट रनर श्रेणी में रहे; राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना परफॉर्मर श्रेणी में रखे गए हैं, जबकि आंध्र प्रदेश और गुजरात आकांक्षी श्रेणी में शामिल हैं। यह रैंकिंग दस पेसा राज्यों – आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान और तेलंगाना – की प्रगति, क्षमता और संभावनाओं को रेखांकित करती है। सहकारी संघवाद की भावना के अनुरूप, मंत्रालय पेसा के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्यों के साथ निरंतर समन्वय और सहयोग कर रहा है। सभासार और एआई–सक्षम शासनरू जनभाषा में जनतंत्र की आवाज पंचायती राज मंत्रालय ने कृत्रिम मेधा को शासन के केंद्र में लाकर एक नई क्रांति का सूत्रपात किया है। 14 अगस्त 2025 को लॉन्च शसभासारश अब 23 भारतीय भाषाओं में ग्राम सभा की कार्यवाही दर्ज करता है। 1,11,486 ग्राम पंचायतें इसका उपयोग कर चुकी हैं – भाषा अब भागीदारी के मार्ग में बाधा नहीं। स्वामित्व योजनारू संपत्ति अधिकारों से आर्थिक सशक्तिकरण स्वामित्व योजना ने ड्रोन सर्वेक्षण के माध्यम से 3.30 लाख गांवों में सर्वे पूरा कर 3.13 करोड़ से अधिक संपत्ति कार्ड तैयार किए हैं। यह ग्रामीण परिवारों को बैंक ऋण और औपचारिक वित्तीय प्रणाली से जोड़ रहा है, संपत्ति को आर्थिक संपदा में बदलने का अवसर दे रहा है, भूमि एवं संपत्ति से जुड़े विवादों को कम कर रहा है, और ग्राम पंचायतों के लिए एक स्थायी तथा पारदर्शी राजस्व स्रोत के रूप में उभर रहा है। संस्थागत क्षमता निर्माण राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत 2022–23 से अब तक संचयी रूप से 1.62 करोड़ से अधिक निर्वाचित प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया है – केवल 2025–26 में 45.24 लाख लोग प्रशिक्षित हुए। आईआईएम और आईआईटी के साथ साझेदारी में नेतृत्व विकास कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। शमेरी पंचायत, मेरा अधिकारश अभियान के तहत 2.15 लाख पंचायतों ने 954 सेवाओं का सिटिजन चार्टर तैयार किया है। विकसित भारत 2047रू गांव से उठेगी नई सुबह शविकसित भारत 2047त्र का लक्ष्य केवल आर्थिक विकास नहीं – यह सामाजिक न्याय, पर्यावरणीय संतुलन और समावेशी प्रगति का व्यापक दृष्टिकोण है। 21 राज्यों में 50 प्रतिशत महिला भागीदारी, 3 लाख करोड़ का डिजिटल लेनदेन, 23 भाषाओं में ग्राम सभा की आवाज, 16वें वित्त आयोग का ऐतिहासिक आवंटन और सशक्त पंचायत नेत्री अभियान – ये सब मिलकर विकसित भारत की नींव की ईंटें हैं। राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के इस अवसर पर देश की उन 14 लाख से अधिक महिला प्रतिनिधियों को सादर नमन, जो प्रतिदिन अपने गांव और देश को बेहतर बनाने में जुटी हैं। यही नारी शक्ति है, यही नव भारत की तैयारी है।

लेखक केंद्रीय पंचायती राज राज्य मंत्री हैं।

# टैंकर की टक्कर से महिला की मौत, भाई घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

शेरकोट, बिजनौर। एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार महिला की मौत हो गई, जबकि उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना हरेवली रोड पर गांव नूरपुर छिपरी के पास की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, मृतका अपने भाई के साथ अस्पताल से टांके कटवाकर वापस घर लौट रही थी। इसी दौरान सामने से आ रहे इंडियन ऑयल के एक टेंकर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे महिला टेंकर के नीचे आ गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे में भाई भी घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद टेंकर चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# पिंजरे में कैद हुआ गुलदार, वन विभाग का सफल रेस्क्यू ऑपरेशन

न्यूज वाणी ब्यूरो

नगीना, बिजनौर। पिछले कई दिनों से दहशत का कारण बना गुलदार आखिरकार वन विभाग की टीम के लगाए गए पिंजरे में कैद हो गया। गुलदार की मौजूदगी से ग्रामीणों में भय का माहौल था और लोग शाम होते ही घरों में कैद होने को मजबूर हो रहे थे। वन विभाग को लगातार ग्रामीणों द्वारा गुलदार के देखे जाने की सूचना मिल रही थी।



स्थिति की गंभीरता को देखते हुए विभाग ने रणनीति बनाते हुए संभावित स्थानों पर पिंजरे लगाए और निगरानी बढ़ा दी थी। टीम द्वारा दिन–रात क्षेत्र में गश्त भी की जा रही थी, ताकि किसी भी अनहोनी से बचा जा सके। काफी प्रयासों के बाद आखिरकार गुलदार वन विभाग के लगाए गए पिंजरे में फंस गया। सूचना मिलते ही विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पूरी सतर्कता के साथ उसे सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू किया गया। इस दौरान किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई, जिससे राहत की बात रही। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, गुलदार को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, गुलदार के पकड़े जाने की खबर मिलते ही क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली और वन विभाग की टीम की सराहना की। फिलहाल वन विभाग क्षेत्र में सतर्कता बनाए हुए है और लोगों से भी अपील की गई है कि जंगल या सुनसान इलाकों में जाने से बचें तथा किसी भी वन्यजीव की सूचना तुरंत विभाग को दें।

# क्षेत्रीय अधिकारी ने सुनी थाना दिवस पर जन समस्याएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानौता, सहारनपुर। क्षेत्रीय अधिकारी अशोक कुमार सिसोदिया द्वारा थाना दिवस के चलते थाना नानौता का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने थाना नानौता में उपस्ति पीड़ितों की समस्याओं को सुना जिसके बाद उन्होंने थाना प्रभारी नवीन कुमार सैनी एंव थाना दिवस पर उपस्थित लेखपाल योगेश कुमार सहित अन्य कर्मचारियों एंव सम्बंधित को आवश्यक



दिशा निर्देश दिए। शनिवार की शुबह थाना नानौता में थाना दिवस को लेकर पीड़ित लोग थाना पहुंचे थे जिनकी समस्याओं को सुनने के लिए सम्बधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे.थाना दिवस के मौके पर क्षेत्रीय अधिकारी अशोक कुमार सिसोदिया द्वारा थाना दिवस के चलते थाना नानौता का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने थाना नानौता में उपस्ति पीड़ितों की समस्याओं को सुना जिसके बाद उन्होंने लोगो की समस्याओं सम्बधित थाना प्रभारी नवीन कुमार सैनी एंव थाना दिवस पर उपस्थित लेखपाल योगेश कुमार व नगर पंचायत कर्मचारी फिरोज आलम सहित अन्य कर्मचारियों एंव सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# मुहम्मदाबाद में भीषण आग, फर्नीचर व बाटी-चोखा की दो दुकानें जलकर राख

न्यूज वाणी ब्यूरो/मुहम्मदाबाद, गाजीपुर। नगर क्षेत्र के यूसुफपुर पावर हाउस रोड स्थित काली बाग के पास शुक्रवार देर रात अचानक आग लगने से इलाके में अफरा–तफरी मच गई। आग की चपेट में आकर फर्नीचर और बाटी–चोखा की दो दुकानें जलकर पूरी तरह राख हो गईं। घटना में करीब 8 लाख रुपये के सामान के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रात में अचानक



दुकानों से धुआं और आग की लपटें उठती दिखाई दीं। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग इतनी तेज थी कि उस पर काबू पाना मुश्किल हो गया। इसके बाद फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक दोनों दुकानों में रखा सामान पूरी तरह जल चुका था। फर्नीचर की दुकान में रखी लकड़ी, तैयार सामान और अन्य सामग्री आग की भेंट चढ़ गई, वहीं बाटी–चोखा की दुकान में रखा गैस सिलेंडर, बर्तन, खाद्य सामग्री और अन्य सामान भी नष्ट हो गया। घटना के बाद पीड़ित दुकानदारों का रो–रोकर बुरा हाल है। बाटी–चोखा दुकानदार ने आगजनी की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी है और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र प्रताप ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा अन्य साक्ष्य भी जुटाए जा रहे हैं।

# अवैध खनन व ओवरलोडिंग पर सख्ती, डीएम ने दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें अवैध खनन, खनिज परिवहन और ओवरलोडिंग पर प्रभावी रोक



लगाने के लिए विस्तृत रणनीति तैयार की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि अवैध खनन और ओवरलोडिंग न केवल सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि सड़क सुरक्षा और पर्यावरण के लिए भी गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अवैध खनन और ओवरलोडिंग में लिप्त वाहनों की अद्यतन सूची तैयार कर नियमित रूप से संधारित की जाए। साथ ही प्रत्येक वाहन के खिलाफ की गई कार्रवाई, चालान, जब्ती और वसूली का पूरा विवरण रिकॉर्ड में दर्ज किया जाए, जिससे पारदर्शिता और प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित हो सके। उन्होंने परिवहन और पुलिस विभाग को संयुक्त अभियान चलाने के निर्देश दिए, जिसमें गलत नंबर प्लेट, छेड़छाड़ किए गए नंबर या बिना नंबर प्लेट के चलने वाले वाहनों की सघन चेकिंग की जाएगी। पकड़े गए वाहनों के स्वामियों के खिलाफ नियमानुसार विधिक कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि बिना वैध प्रपत्रों के खनिज परिवहन, अवैध खनन और ओवरलोडिंग किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं होगी। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने, ओवरलोड वाहनों के खिलाफ चालान व जब्ती की कार्रवाई करने और खनन क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि जिन क्षेत्रों से लगातार शिकायतें मिल रही हैं, वहां ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी बढ़ाई जाएगी। सीमावर्ती क्षेत्रों और प्रमुख मार्गों पर स्थापित चेक पोस्टों को 24 घंटे सक्रिय रखने और हर संदिग्ध वाहन की जांच के निर्देश दिए गए। रात्रि के समय विशेष सतर्कता बरतने पर भी जोर दिया गया। खनन विभाग को निर्देशित किया गया कि सभी पट्टाधारकों के कार्यों की नियमित समीक्षा करते हुए नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित, एडीएम वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट स्मृति मिश्रा सहित सभी उपजिलाधिकारी, तहसीलदार और संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गरीब के बेटे का कमाल! 82.83 प्रतिशत अंक से गांव-स्कूल रोशन

### - ग्राम ततारपुर के अरमान इदरीसी ने होमगार्ड पिता की मेहनत को रंग दिया
### - 10 वीं में 497 अंक हासिल कर मिसाल पेश की

न्यूज वाणी ब्यूरो

हापुड़। जिले के ग्राम ततारपुर में शिक्षा की एक नई मिसाल कायम हुई है। गांव के रहने वाले अरमान इदरीसी पुत्र सलीमुद्दीन इदरीसी ने चौधरी ताराचंद जनता इंटर कॉलेज में हाईस्कूल परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 600 में से 497 अंक हासिल किए हैं। यह 82.83 प्रतिशत अंक है, जिसने पूरे गांव और स्कूल का नाम रोशन कर दिया। अरमान का यह उपलब्धि इसलिए और खास है क्योंकि उनके पिता सलीमुद्दीन इदरीसी होमगार्ड में ड्यूटी करते हैं। सीमित आय और संसाधनों के बावजूद परिवार ने शिक्षा को प्राथमिकता दी। पिता की रात–दिन की ड्यूटी और मां की लगातार प्रेरणा ने अरमान को मेहनत करने की प्रेरणा दी। अरमान ने बताया कि वे रोजाना नियमित पढ़ाई करते थे और शिक्षकों की मार्गदर्शन में अपनी कमजोरियों पर काम किया। चौधरी ताराचंद जनता इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने अरमान की इस सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि यह परिणाम छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत है। स्कूल प्रबंधन ने अरमान को सम्मानित करने की घोषणा भी की। गांव के बुजुर्गों और ग्रामीणों ने अरमान को बधाई देते हुए कहा कि गरीबी और परिस्थितियों के बावजूद मेहनत से कुछ भी हासिल किया जा सकता है। अरमान का सपना आगे पढ़ाई जारी रखकर इंजीनियरिंग या मेडिकल क्षेत्र में करियर बनाने का है। वे अन्य गरीब छात्रों को संदेश देते हैं कि आर्थिक स्थिति चाहे जो भी हो, लगन और मेहनत से



सपने पूरे किए जा सकते हैं। यह सफलता हापुड़ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के महत्व को रेखांकित करती है। होमगार्ड जैसे निम्न वेतन वाले कर्मचारियों के बच्चे भी टॉप कर सकते हैं, यह साबित करता है कि शिक्षा वास्तव में सामाजिक उन्नति का सबसे बड़ा माध्यम है। अरमान इदरीसी की इस उपलब्धि पर पूरे ततारपुर गांव में जश्न का माहौल है। परिवार, शिक्षक और ग्रामीण सभी गर्व महसूस कर रहे हैं। उम्मीद है कि अरमान भविष्य में और बड़ी सफलताएं हासिल कर देश का नाम रोशन करेंगे।

# डीएम ने परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

### - नकलविहीन व निष्पक्ष परीक्षा के दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने इंजीनियरिंग कॉलेज, तिवारी ज्वाला प्रसाद आर कन्या इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज तथा बालिका राजकीय इंटर कॉलेज पहुंचकर परीक्षा संचालन की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा कक्षों, प्रवेश–निकास व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, प्रश्नपत्रों की गोपनीयता तथा उत्तर पुस्तिकाओं के सुरक्षित वितरण और संग्रहण की व्यवस्था को बारीकी से



परखा। उन्होंने परीक्षा कक्षों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने केंद्राधीक्षकों और कक्ष निरीक्षकों को सख्त निर्देश दिए कि परीक्षा पूरी तरह नकलविहीन, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जाए। साथ ही परीक्षा अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा कार्य में लगे सभी अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करें। इसके अलावा, उन्होंने आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध रखने, अभ्यर्थियों की सुविधा और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने तथा शासन के सभी निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी ब्रह्मानंद कठेरिया, उप जिलाधिकारी सैफई सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# पश्चिम बंगाल की हॉट सीट की हाल कौन बनेगा सिकन्दर

न्यूज वाणी ब्यूरो



कोलकाता। भवानीपुर विधानसभा सीट पश्चिम बंगाल की सबसे वीवीआईपी सीटों में से एक मानी जाती है। यह सीट दक्षिण कोलकाता में स्थित है और यहाँ लगभग 70 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता हैं, जो चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। इस सीट पर मुख्य मुकाबला ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच माना जा रहा है। टीएमसी की ओर से भारी–भरकम नेता फिरहाद हकीम (बॉबी दा), जो शहरी विकास मंत्री और कोलकाता के मेयर हैं, मैदान में हैं, उनके सामने ठश्रच के राकेश सिंह चुनौती पेश कर रहे हैं। इसके अलावा इस सीट पर फैयाज अहमद खान और कांग्रेस के अकीब गुलजार भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं, जिससे मुकाबला और दिलचस्प हो गया है। टीएमसी की माइनॉरिटी सेल के अध्यक्ष बिलाल खान, फहीम अहमद, उपाध्यक्ष अरशद परवेज खान और अन्य नेता लगातार क्षेत्र में सक्रिय हैं और मतदाताओं से संपर्क बना रहे हैं। पहले चरण में बम्पर मतदान होने के बाद मतदाताओं में उत्साह है। दोनो पार्टियों सरकार बनाने की दावा कर रहीं हैं। टीएमसी अल्पसंख्यक सेल के उपाध्यक्ष से अल्पसंख्यक के मतों के बिखराव को लेकर पूछने पर उन्होंने कहा कि इस बार पिछले वर्ष से अधिक अल्पसंख्यक टीएमसी के साथ है क्योंकि एसआईआर का विरोध है जो प्रथम चरण के मतदान में दिखता है। बंगाल में ममता का कोई विकल्प नही है। भवानीपुर सीट का चुनावी माहौल काफी गर्म है 29 अप्रैल को मतदान है और यह देखना दिलचस्प होगा कि 4 तारीख को किसकी सरकार बनती है और इस महत्वपूर्ण सीट पर कौन अपना दल का झण्डा ऊँचा करेगा।

# सीएचसी में महिला चिकित्सक पर मरीज से रिश्वत लेने का आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

नगीना, बिजनौर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत एक संविदा महिला चिकित्सक पर मरीज से पैसे लेने का आरोप लगने के बाद मामला तूल पकड़ गया। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार एक महिला मरीज ने आरोप लगाया कि उससे आयरन का इंजेक्शन लगाने के नाम पर 200 रुपये लिए गए। इस शिकायत की जानकारी मिलने पर आजाद समाज पार्टी के नेता परवेज पाशी मौके पर पहुंचे और उन्होंने वहां विरोध जताते हुए पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया। बताया जा रहा है कि मौके पर मौजूद चिकित्सा अधीक्षक के सामने ही संबंधित महिला चिकित्सक ने अपने पर्स से 200 रुपये निकालकर वापस कर दिए। आरोप लगाने वाले नेता का दावा है कि उन्होंने पहले ही नोट की फोटो कॉपी कर अपने पास सुरक्षित रख ली थी, जिससे नोट की पहचान की जा सकी। इस दौरान अस्पताल परिसर में कुछ समय के लिए अफरा–तफरी का माहौल बन गया। वहीं, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विशाल दिवाकर ने बताया कि महिला मरीज द्वारा लगाए गए आरोपों के संबंध में मामला संज्ञान में आया है। उन्होंने कहा कि उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है और मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर जांच के लिए कमेटी गठित की जा रही है। फिलहाल स्वास्थ्य विभाग पूरे प्रकरण की जांच में जुट गया है और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी एवं क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना नवाबगंज रमाशंकर यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम को मिली सफलता, थाना स्थानीय पर पंजी.त मु0अ0सं0 38/2026 व धारा 303(2), 317(2) बीएनएस से संबंधित वाछित अभियुक्त हर्षित त्रिपाठी उर्फ चन्द्र




प्रकाश पुत्र संतोष त्रिपाठी उम्र करीब 22 वर्ष निवासी सहदेई गोकुलपुर थाना रिसिया को गिरतार किया गया। वादी मुकदमा महफूज अहमद पुत्र अय्यूब अहमद पता व थाना नवबगंज द्वारा सूचना दी गयी कि 23 अप्रैल को उनकी मोटरसाइकिल चोरी हो गयी है, जिसके संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 38/2026 धारा 303(2),317(2) बीएनएस पंजी.त किया गया। जिसकी विवेचना के क्रम में गठित पुलिस टीम द्वारा शनिवार को मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अभियुक्त हर्षित त्रिपाठी उर्फ चन्द्र प्रकाश पुत्र संतोष त्रिपाठी निवासी सहदेई गोकुलपुर थाना रिसिया को मुखबिर खास की सूचना पर पिरबितनी तिराहे के पास से रात न्याया0 व मानवाधिकार आयोग के आदेशो निर्देशों का पालन करते हुये हिरासत पुलिस लेकर अन्य विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय रवाना किया गया।

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान, जांच में जुटी पुलिस

न्यूज वाणी ब्यूरो

नजीबाबाद, बिजनौर। ग्राम इस्सेपुर में एक व्यक्ति द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना से गांव में शोक का माहौल व्याप्त हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। मृतक के परिजनों ने बताया कि वह नशे का आदी था और घटना वाले दिन शाम को घर से बाहर गया था। आशंका जताई जा रही है कि नशे की हालत में उसने यह कदम उठाया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। यह मामला बिजनौर जिले के नजीबाबाद थाना क्षेत्र से जुड़ा है, जहां पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P | हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213 | एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# सपा नेता ने पूर्व मंत्री का किया जोरदार स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। कांग्रेस छोड़कर समाजवादी पार्टी में शामिल हुए पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने भाजपा की मोदी–योगी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आम आदमी पार्टी के सांसदों के भाजपा में शामिल होने को डर का परिणाम बताया। कहा कि देश और प्रदेश में डर का माहौल कायम है। भाजपाई ईडी और



सीबीआई का डर दिखाकर लोगों को तोड़ने का काम करते हैं और विरोध करने वालों को उत्पीड़न का शिकार बनाया जाता है। शनिवार को शहर के स्वराज कालोनी स्थित सपा युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव ओमनारायण त्रिपाठी विदित के जनसंपर्क कार्यालय पहुंचे पूर्व मंत्री श्री सिद्दीकी को सपाइयों ने हाथों हाथ लिया और फूल मालाओं से लादकर जोरदार इस्तकबाल किया। मीडिया से बातचीत करते हुए श्री सिद्दीकी ने मौजूदा भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया। कहा कि भाजपा की सरकार डर को आधार बनाकर चल रही है। उन्होंने पश्चिम बंगाल चुनाव में 90 फीसदी से अधिक मतदान पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त भाजपा के एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने पश्चिम बंगाल के चुनाव में बंपर वोटिंग की जांच कराने और चुनाव निरस्त करने की मांग उठाई। सपा नेता विदित ने पूर्व मंत्री को चांदी का मुकुट पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री के पुत्र अफजल सिद्दीकी, सपा जिलाध्यक्ष डा.मधुसूदन कुशवाहा, महासचिव एजाज खान, सपा के प्रदेश सचिव हसनुद्दीन सिद्दीकी, मुमताज अली, इमरान अली राजू, पीयूष गुप्ता, अशोक सिंह गौर, प्रियांशु बोड़े, जनमेजय सिंह, दिनेश यादव, आमिर खान मन्नी, शमीम बांदवी, प्रमोद गुप्ता, पुष्पेंद्र सिंह चुनाले, सुमन दिवाकर, अबरार अहमद आदि शामिल रहे।

# होमगार्ड भर्ती परीक्षा केन्द्रों का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

**- सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने के दिये गये निर्देश**

**- प्रथम पाली में 3600 के सापेक्ष अनुपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 913**

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा 25, 26 एवं 27 अप्रैल 2026 को प्रति दिन 02 पालियों में आयोजित होने वाली उ.प्र. होगार्डस के पदों पर एनरोलमेंट 2025 की लिखित परीक्षा को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव व अपर पलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह के साथ परीक्षा केन्द्र राजकीय इण्टर कालेज व महाराज सिंह इण्टर कालेज का निरीक्षण कर केन्द्र व्यवस्थापकों एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेटों से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डीएम ने केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें तथा महत्वपूर्ण चरणों की कार्यवाही करते समय पूरी सावधानी बरती जाये। उल्लेखनीय है कि जनपद के 10 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुई प्रथम




पाली की परीक्षा में सरस्वती इण्टर कालेज रिसिया में 480 के सापेक्ष 355, राजकीय बालिका इण्टर कालेज में 384 के सापेक्ष 278, महाराज सिंह इण्टर कालेज में 384 के सापेक्ष 303, राजकीय इण्टर कालेज में 384 के सापेक्ष 278, तारा महिला इण्टर कालेज में 240 के सापेक्ष 166, आजाद इण्टर कालेज में 384 के सापेक्ष 299, चौधरी सियाराम इण्टर कालेज फखरपुर में 480 के सापेक्ष 355, जवाहर नवोदय विद्यालय कीर्तनपुर में 240 के सापेक्ष 173, आर्य कन्या इण्टर कालेज में 240 के सापेक्ष 179 तथा वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 301 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। इस प्रकार कुल 3600 के सापेक्ष 2687 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि 913 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार द्वितीय पाली की परीक्षा में सरस्वती इण्टर कालेज रिसिया में 480 के सापेक्ष 357, राजकीय बालिका इण्टर कालेज में 384 के सापेक्ष 303, महाराज सिंह इण्टर कालेज में 384 के सापेक्ष 289, राजकीय इण्टर कालेज में 384 के सापेक्ष 302, तारा महिला इण्टर कालेज में 240 के सापेक्ष 185, आजाद इण्टर कालेज में 384 के सापेक्ष 295, चौधरी सियाराम इण्टर कालेज फखरपुर में 480 के सापेक्ष 371, जवाहर नवोदय विद्यालय कीर्तनपुर में 240 के सापेक्ष 193, आर्य कन्या इण्टर कालेज में 240 के सापेक्ष 190 तथा वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज 384 के सापेक्ष 290 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। इस प्रकार कुल 3600 के सापेक्ष 2687 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि 913 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# बाबा साहब के संघर्षो को नहीं भुलाया जा सकता

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा, वीना। क्षेत्र के ग्राम सिमरिया में आयोजित नौ दिवसीय भीम कथा एवं बौद्ध कथा का समापन भंडारे के साथ हर्षोल्लासपूर्वक हुआ। इस दौरान बहुजन महापुरुषों की लीलाओं पर आधारित आकर्षक झांकियां निकाली गईं, जिसने कार्यक्रम को और भी मनमोहक बना दिया। कथा वाचक युवा सम्राट अभिनन्दन बौद्ध ने भगवान गौतम बुद्ध के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने 563 ईसा पूर्व में जाति व्यवस्था, ब्राह्मणवाद और अंध



ाविश्वास के खिलाफ आवाज उठाकर समता, करुणा और प्रज्ञा का मार्ग दिखाया। उन्होंने बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके संघर्षों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने बताया कि बाबा साहब ने 1956 में लाखों लोगों के साथ बौद्ध धम्म को अपनाकर समाज को नई दिशा दी। कार्यक्रम के समापन अवसर पर इंसानी भाईचारा प्रेम सद्भाव समिति के अध्यक्ष मोहम्मद आमीन ने कथा वाचक टीम और आयोजक पत्रकार प्रवीन गौतम को माला और पटुका पहनाकर सम्मानित किया। समाजसेवी अनिल यादव ने भी टीम को शॉल और पटुका देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर आयोजक प्रवीन गौतम, दर्शन सिंह, बौद्धाचार्य प्रदीप भीमराव बौद्ध सहित अन्य लोगों ने सभी का आभार व्यक्त किया। प्रवीन गौतम ने ग्राम सिमरिया, वीना एवं क्षेत्रवासियों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि सभी के प्रेम और सहयोग से ही यह नौ दिवसीय आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।

# विश्व मलेरिया दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**– मलेरिया उन्मूलन का लिया संकल्प, अधिकारियों–कर्मचारियों ने ली शपथ**

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीके सिंह की अध यक्षता में जनपद में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मलेरिया से बचाव एवं उसके उन्मूलन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अपने संबोध ान में कहा कि वर्ष 2026 के विश्व मलेरिया दिवस की थीम मलेरिया को समाप्त करने का . ढ़ संकल्प अब हम कर सकते हैं, अब हमें करना ही होगा के अनुरूप सभी को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने मलेरिया उन्मूलन के लिए जनजागरूकता, समय पर जांच और उपचार पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मलेरिया के खिलाफ सक्रिय भूमिका निभाने की शपथ भी दिलाई गई।



कार्यक्रम में डॉ. सत्येंद्र यादव बीवीडी नोडल, डॉ. श्रीनिवास यादव, एस.एन. सिंह जिला मलेरिया अधिकारी, वरिष्ठ सहायक नीतू कश्यप, आशीष राणा एएमओ, श्यामवीर यादव, सुषमा यादव, गोपाल गुप्ता, स्टेनो देवेंद्र कुमार सहित कार्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# किरण सोनी बनी अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की जिला उपाध्यक्ष

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जनपद के जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन के नेतृत्व में महिला जिला अध्यक्ष अर्चना कुशवाहा महिला जिला महामंत्री



वर्षा दुबे महिला जिला संरक्षक सुशीला राजावत ने महिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए किरण सोनी को महिला जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया। इस अवसर पर अंजू यादव ने अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की आजीवन सदस्यता ग्रहण की सभी उपस्थित पदाधिकारियों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन ने कहा संगठन में सभी कस्बा एवं बाजरो के व्यापारियों को जोड़ा जाएगा। इस अवसर पर नगर प्रभारी संजय वर्मा युवा जिला महामंत्री रंजीत सिंह कुशवाहा युवा जिला कोषाध्यक्ष ऋषि पोरवाल जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा युवा जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार कुशवाहा आदि व्यापारी नेता उपस्थित रहे।

# मिशन शक्तिअभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज–5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत थाना ऊसराहार क्षेत्र में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं में सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने उपस्थित महिलाओं और अन्य लोगों को



विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इनमें पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 व 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं। इसके साथ ही साइबर अपराध ों से बचाव के लिए भी लोगों को जागरूक किया गया। पुलिस टीम ने बताया कि किसी भी अंजान व्यक्ति के साथ ओटीपी साझा न करें और किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। ऑनलाइन लेन–देन और सोशल मीडिया के उपयोग के दौरान सतर्कता बरतने की अपील की गई। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं को जागरूकता पम्पलेट वितरित कर सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। इटावा पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा और जनजागरूकता के लिए इस तरह के अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं।

# जनाक्रोश कार्यक्रम में राज्यमंत्री ने विपक्षी दलों पर बोला हमला

**- विपक्षी दलों ने अधिनियम का विरोध कर महिलाओं के साथ किया अन्याय**

**- विधेयक ही नहीं बल्कि देश की करोड़ो महिलाओं के अधिकारों का विरोध : प्रतिभा**

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाँदा। लोकसभा में विपक्ष द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध के खिलाफ आयोजित किये जाने वाले जनाक्रोश कार्यक्रम के तहत भाजपा की महिलाओं द्वारा आज जनआक्रोश प्रेसवार्ता, महिला सम्मेलन व पदयात्रा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद राज्यमंत्री महिला कल्याण बाल विकास एवं पुष्टांहार विभाग प्रतिभा शुक्ला ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि संसद में महत्वपूर्ण विधेयक को कांग्रेस, सपा, तृणमूल कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के ऐतिहासिक अवसर का विरोध कर देश की आधी आबादी के साथ अन्याय किया है। विपक्ष द्वारा इस मुद्दे को टालना उनकी राजनीतिक स्वार्थपूर्ण सोच है और महिला विरोधी मानसिकता को




दर्शाता है। उन्होंने कहा कि परिसीमान एक संवैधानिक प्रक्रिया है लेकिन विपक्ष द्वारा इस विषय पर भ्रम फैलाकर महिलाओं के अधिकारों में बाध ायें डाल रहा है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक विधेयक ही नहीं बल्कि देश की करोड़ो माताओं, बहनों और बेटियों के अधिकारों का विरोध है। लेकिन भाजपा महिलाओं के सशक्तिकरण और राजनीतिक भागीदारी के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और कार्य कर रही है। अंत में मुख्य अतिथि की अगुवाई में महिलाओं ने जनाक्रोश यात्रा निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष ममता मिश्रा ने किया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष मालती बासू, जिला उपाध्यक्ष वंदना गुप्ता, विनोद जैन, जागृति वर्मा, अर्चना शुक्ला, मुन्नी गुप्ता, मंजू देवी, रूपा चौहान, रीता गुप्ता, अनीता शुक्ला, रंजना श्रीवास्तव, रूपा सिंह चौहान, आनंदी साहू, उत्तम सक्सेना, दुर्गा चौरसिया, अमित सेठ भोलू, संतोष राजपूत, लखन कुशवाहा, दिलीप तिवारी, मोहित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# छात्रावास प्रवेश को लेकर ग्राम चौपाल आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। जिला समाज कल्याण विभाग की ओर से मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में 24 अप्रैल को राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास, मोढी भरथना में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आसपास के विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों को 50 सीट क्षमता वाले छात्रावास में प्रवेश के लिए प्रोत्साहित करना तथा प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी देना रहा। चौपाल में मुख्य विकास अधिकारी, ब्लॉक प्रमुख भरथना, ग्राम प्रध ाान मोढी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, जिला समाज कल्याण अधि ाकारी संध्या रानी बघेल, खंड विकास अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, छात्रावास अधीक्षक व अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने छात्रावास की उपयोगिता, प्रवेश प्रक्रिया और छात्रों को मिलने वाली सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही विभाग की योजनाओं वृद्धावस्था पेंशन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, शादी अनुदान, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना तथा छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति के बारे में भी लोगों को जागरूक किया। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए छात्रावास में जल्द ही वाचनालय की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। परिसर में वाई–फाई सुविधा पहले से उपलब्ध है, जिसका उपयोग छात्र पढ़ाई के लिए कर सकते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से फार्मर रजिस्ट्री और फैमिली आईडी बनवाने की अपील की, ताकि पात्र नागरिकों को सभी सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके। छात्रावास में कराए गए कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए शेष कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, अभिभावक और छात्र–छात्राएं मौजूद रहे और ग्राम चौपाल सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

# अधिक अंक ही प्रतिभा का मापदंड नहीं, छात्रों के सम्मान की जरूरत : डॉ नजर

**- स्कूलों की पहल पर उठे सवाल**

न्यूज वाणी ब्यूरो

यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद स्कूलों द्वारा अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को विशेष रूप से सम्मानित करने की परंपरा पर अब सवाल उठने लगे हैं। इसी संदर्भ में शिक्षाविद डॉ. नजर अंसारी ने एक महत्वपूर्ण संदेश देते हुए कहा कि कम अंक प्राप्त करने वाले छात्र भी उतने ही प्रतिभाशाली हो सकते हैं और उनमें आत्मविश्वास की कोई कमी नहीं होती। ऐसे छात्रों को नजरअंदाज करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि आज की शिक्षा व्यवस्था में अंकों को ही सफलता का पैमाना मान लिया गया है, जबकि यह सोच अधूरी है। हर छात्र की अपनी अलग क्षमता और रुचि होती है, जिसे समझना और प्रोत्साहित करना आवश्यक है। डॉ. अंसारी के अनुसार, कई बार कम अंक पाने वाले छात्र जीवन के अन्य क्षेत्रों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हैं और आगे चलकर बड़ी सफलताएं हासिल करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि असफलता को नकारात्मक रूप में देखने के बजाय उसे सीखने के अवसर के रूप में लेना चाहिए। "असफलता ही सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है," यह कहते हुए उन्होंने छात्रों को निराश न होने की सलाह दी। उनका मानना है कि एक असफल प्रयास व्यक्ति को मजबूत बनाता है और उसे आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।डॉ. अंसारी ने स्कूल प्रशासन से अपील की कि वे केवल टॉपर्स को ही नहीं, बल्कि सभी छात्रों की मेहनत और प्रयासों को भी सराहें। इससे बच्चों में सकारात्मक सोच विकसित होगी और वे बिना किसी दबाव के अपनी क्षमताओं का बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि यदि स्कूलों में समावेशी वातावरण बनाया जाए, तो हर छात्र खुद को महत्वपूर्ण महसूस करेगा। अभिभावकों को भी उन्होंने सलाह दी कि वे अपने बच्चों की तुलना दूसरों से न करें। हर बच्चे की अपनी एक अलग पहचान होती है, और उसे उसी आधार पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए। तुलना से बच्चों का आत्मविश्वास कमजोर होता है, जबकि प्रोत्साहन उन्हें नई ऊंचाइयों तक ले जा सकता है। अंत में, डॉ. नजर अंसारी ने कहा कि शिक्षा का असली उद्देश्य केवल अच्छे अंक लाना नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार और आत्मनिर्भर व्यक्ति बनाना है। इसलिए समाज को चाहिए कि वह हर छात्र को समान .ष्टि से देखे और उनके अंदर छिपी प्रतिभा को पहचानने का प्रयास करे। अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों के घर घर जाकर स्कूल प्रशासन के द्वारा बधाई देने की इस की पहल पर सवाल उठना स्वाभाविक है। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद स्कूल प्रशासन द्वारा अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों के घर–घर जाकर बधाई देने की परंपरा देखने को मिल रही है। हालांकि यह पहल पहली नजर में छात्रों के उत्साहवर्धन के लिए सकारात्मक प्रतीत होती है, लेकिन समाज के एक बड़े वर्ग का मानना है कि इसका एक दूसरा पक्ष भी है, जो कम अंक प्राप्त करने वाले छात्रों के मनोबल को प्रभावित कर सकता है। विशेषज्ञों और अभिभावकों का कहना है कि परीक्षा में अधिक अंक लाना ही प्रतिभा की पहचान नहीं है। हर छात्र की क्षमता, रुचि और सीखने की गति अलग होती है। ऐसे में केवल अंक के आधार पर किसी की योग्यता का मूल्यांकन करना उचित नहीं माना जा सकता। स्कूल प्रशासन द्वारा केवल टॉपर्स को ही विशेष सम्मान देने से उन छात्रों में हीन भावना पैदा हो सकती है, जिनके अंक अपेक्षा.त कम आए हैं। मनोवैज्ञानिकों के अनुसार, इस तरह की सार्वजनिक सराहना अप्रत्यक्ष रूप से अन्य छात्रों को निराश कर सकती है। खासकर किशोरावस्था में बच्चों का आत्मविश्वास बहुत संवेदनशील होता है, और तुलना की भावना उन्हें मानसिक दबाव में डाल सकती है। कई बार यही दबाव आगे चलकर पढ़ाई से दूरी या आत्म–संदेह का कारण बन जाता है। अभिभावकों का भी मानना है कि स्कूलों को सभी छात्रों के प्रयासों की सराहना करनी चाहिए, न कि केवल उच्च अंक प्राप्त करने वालों



की। शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक लाना नहीं, बल्कि बच्चों के समग्र विकास पर ध्यान देना होना चाहिए। खेल, कला, विज्ञान, और अन्य गतिविधियों में भी कई छात्र उत्. ष्ट प्रदर्शन करते हैं, जिन्हें अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। कुछ शिक्षकों ने सुझाव दिया है कि स्कूल प्रशासन को सम्मान और प्रोत्साहन के तरीकों में बदलाव करना चाहिए। जैसे कि सामूहिक कार्यक्रम आयोजित कर सभी छात्रों को उनकी विशेष उपलब्धियों के लिए सराहा जाए, या फिर व्यक्तिगत सुधार और मेहनत को भी पहचान दी जाए। इससे हर छात्र को यह महसूस होगा कि उसकी मेहनत मायने रखती है। समाज के जागरूक लोगों का मानना है कि शिक्षा व्यवस्था को अधिक संवेदनशील और समावेशी बनाने की जरूरत है। केवल अंकों की दौड़ में बच्चों को धकेलने के बजाय उनकी प्रतिभा और रुचियों को समझकर उन्हें आगे बढ़ने के अवसर दिए जाने चाहिए। अंततः, यह समझना जरूरी है कि कम अंक आने का मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि छात्र में प्रतिभा की कमी है। सही मार्गदर्शन, प्रोत्साहन और सकारात्मक वातावरण मिलने पर हर बच्चा अपनी क्षमता के अनुसार सफलता हासिल कर सकता है।

# थाने से निराश पीड़िता पहुंची एसपी के द्वार

**– पति के खत्म होने के बाद पीड़िता ने किया था प्रेम विवाह**

**– परिजनों द्वारा प्रेम विवाह से खुश न होने पर की थी शिकायत**

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जसपुरा थाना पुलिस इन दिनों आए दिन सुर्खियों में रहती है लोगों को न्याय नहीं मिलता तो पुलिस अधीक्षक के शरण में जाते हैं ऐसा ही एक मामला नहीं दर्जनों मामले पुलिस अधीक्षक के चौखट से निपटाए जाते हैं। जसपुरा पुलिस इस समय केवल अवैध वसूली और अवैध खनन करने में मस्त है इसलिए लोगों को न्याय नहीं मिलता और कप्तान की चौखट में जाकर न्याय की गुहार उनको लगानी पड़ती है। जसपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम झंझरीपुरवा की पूजा ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि पति अवधेश की मृत्यु होने के दो वर्ष बाद पीड़िता ने स्वेच्छा से जयपाल पुत्र रामशरन निवासी झंझरीपुरवा थाना जसपुरा से 20 नवंबर 2025 को विवाह कर लिया है। तब से पीड़िता अपने पति जयपाल के साथ प्रेमपूर्वक सूरत में रहती है। पीड़िता के भाई धर्मेन्द्र पुत्र लल्लू निवासी खप्टिहा कला थाना पैलानी व अन्य मायके वाले पीड़िता के इस विवाह से खुश नहीं है। पीड़िता के पति जयपाल पुत्र रामशरन निवासी झंझरीपुरवा के विरुद्ध थाना व पुलिस उच्चाधिकारियो को झूठी शिकायत करके पीड़िता व पीड़िता के पति जयपाल को परेशान करते है तथा पुलिस अनावश्यक रूप से परेशान व प्रताड़ित करते है भाई धर्मेन्द्र व अन्य गांव वालो ने धमकी दिया है कि हमे जहां भी जयपाल मिल जायेगा हम उसकी हत्या कर देगे। पीड़िता बहुत परेशान है, यदि पीड़िता व पति जयपाल के साथ कोई भी घटना होगी तो इसके लिए भाई धर्मेन्द्र व अन्य मायके वाले ही जिम्मेदार होगे। अपने पति जयपाल के साथ पुलिस के बुलाने पर सूरत गुजरात से आयी है।

# सर्राफा व्यापारी की गोली मारकर हत्या, मुठभेड़ में हत्यारोपी गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। शासन की मंशा अनुसार अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति के क्रम में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरतारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज व मेविस टॉक के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी बबेरू .ष्णकांत के नेतृत्व में शुक्रवार की रात थाना बबेरू व



एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा व्यक्ति की गोली मारकर हत्या करने वाले अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ में गिरतार कर लिया गया जहां अभियुक्त के दोनों पैरों में गोली लगी है। गौरतलब हो कि 24 अप्रैल की शाम करीब 08.00 बजे थाना बबेरू क्षेत्रान्तर्गत सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति को उसके पूर्व परिचित पडोसी व्यक्ति द्वारा अवैध असलहे से गोली मारकर घायल कर दिया गया। घायल व्यक्ति को पुलिस द्वारा तत्काल उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया जहां डॉक्टरों द्वारा व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक बांदा सहित समस्त अधिकारीगणों द्वारा घटनास्थल का मौका मुआयना किया गया है। घटनास्थल से फोरेन्सिक तथा अन्य टीमों द्वारा वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्यों का गहन संकलन किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा अभियुक्त की गिरतारी हेतु थाना स्थानीय, एसओजी व सर्विलांस सहित कई टीमों को लगाया गया। जिसमें अभियुक्त को 03 घण्टें के अंदर मुरवल बबेरू रोड पर मुरहा मोड़ के पास से पुलिस मुठभेड़ में गिरतार किया गया। अभियुक्त के पास से एक अदद तमंचा, एक जिंदा कारतूस, तीन खोखा कारतूस बरामद हुये है। मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त के दोनों पैरों में गोली लगी है तथा जिला अस्पताल में उसका इलाज जारी है। पुलिस मुठभेड़ में पकड़े गए हत्यारोपी असलम पुत्र सैयद हुसैन निवासी दूलथोक कस्बा बबेरू, थाना बबेरु के विरुद्ध मु0अ0सं0 161/2026 धारा 103(1) बीएनएस थाना बबेरु, मु0अ0सं0 162/26 धारा 109 बीएनएस (पुलिस मुठभेड़) व आर्म्स एक्ट थाना बबेरु में अभियोग दर्ज किया गया है। पकड़ने वाली पुलिस टीम में राजेन्द्र सिंह राजावत प्रभारी निरीक्षक थाना बबेरु मय टीम आनन्द कुमार प्रभारी एसओजी मय टीम शामिल रहे।

# कलक्ट्रेट में विश्वकर्मा समाज का प्रदर्शन

**– गाजीपुर की घटना व पूर्व मंत्री पर हमले के विरोध में सौंपा ज्ञापन**

न्यूज वाणी ब्यूरो



बांदा। शनिवार को कलक्ट्रेट परिसर में अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा इकाई के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में एकत्र हुए। उन्होंने गाजीपुर जनपद के थाना करण्डा क्षेत्र के ग्राम कटरिया में हुई जघन्य घटना तथा पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा पर हुए हमले के विरोध में राज्यपाल के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। समाज के लोगों ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई। ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम कटरिया निवासी सियाराम विश्वकर्मा की नाबालिग पुत्री निशा के साथ कथित दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर दी गई। आरोप है कि घटना को छिपाने के लिए शव को गंगा नदी में फेंक दिया गया, जिससे पूरे समाज में आक्रोश व्याप्त है। प्रदर्शनकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा पर रास्ते में हमला किया गया। कहा गया कि प्रशासनिक अनुमति के बावजूद ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आशुतोष सिंह आशु एवं उनके समर्थकों ने पुलिस की मौजूदगी में पथराव किया, जिसमें पूर्व मंत्री गंभीर रूप से घायल हो गए तथा कई कार्यकर्ता भी चोटिल हुए। महासभा के पदाधिकारियों ने पुलिस प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि मौके पर मौजूद पुलिस ने हमलावरों को रोकने के लिए प्रभावी कार्रवाई नहीं की, जिससे उनका मनोबल बढ़ा। ज्ञापन के माध्यम से समाज ने प्रमुख मांगें रखते हुए कहा कि पूर्व मंत्री पर हमले के आरोपियों की तत्काल गिरतारी की जाए, नाबालिग पीड़िता के हत्यारों को फांसी की सजा दिलाई जाए, पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा व सुरक्षा प्रदान की जाए। साथ ही ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लापरवाह पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

# अस्मिता खेलो इंडिया में 24 टीमों की होगी सहभागिता

**- आज हैंडबॉल, वॉलीबॉल एवं कबड्डी महिला प्रतियोगिता का आयोजन**

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाँदा। युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार एवं स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के संयुक्त प्रयासों से संचालित अस्मिता खेलो इंडिया अभियान के अंतर्गत बाँदा जनपद में महिला खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 26 अप्रैल रविवार को हैंडबॉल, वॉलीबॉल एवं कबड्डी प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएंगी, जिसमें पूरे जनपद से करीब 24 टीमें प्रतिभाग करेंगी। इस संबंध में आज हार्पर क्लब में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता में आयोजन समिति द्वारा बताया गया कि प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं खेल प्रेमियों में विशेष उत्साह है। तीनों खेलों में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से टीमें आ रही हैं, जिनमें सबसे अधिक टीमों की सहभागिता हैंडबॉल प्रतियोगिता में रहेगी। आयोजन की सफलता हेतु टीमों की अंतिम सूची, खेलवार ड्यूटी, भोजन व्यवस्था, समय–सारणी, मैदान व्यवस्था, खिलाड़ियों की सुविधा एवं अन्य आवश्यक तैयारियों पर विस्तार से कार्य किया जा रहा है।




ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष रामेन्द्र शर्मा ने कहा कि अस्मिता खेलो इंडिया अभियान महिला खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि पूरे जनपद से करीब 24 टीमों की सहभागिता इस बात का प्रमाण है कि खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। विशेष रूप से हैंडबॉल में अधिक टीमों की भागीदारी यह दर्शाती है कि जनपद में इस खेल के प्रति रुचि और उत्साह लगातार बढ़ रहा है। आयोजक सचिव अंकित कुशवाहा ने कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य जनपद की बेटियों को खेल के क्षेत्र में बेहतर अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि हैंडबॉल, वॉलीबॉल एवं कबड्डी जैसे टीम गेम्स खिलाड़ियों में अनुशासन, नेतृत्व, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास करते हैं। अस्मिता खेलो इंडिया के माध्यम से महिला खिलाड़ियों को ऐसा मंच मिल रहा है जहाँ वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर आगे राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक पहुँच सकती हैं। आयोजन समिति सभी खिलाड़ियों की सुविधा, सुरक्षा और सुचारु व्यवस्था के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। आयोजन समिति ने सभी खिलाड़ियों, टीम प्रभारियों, खेल प्रशिक्षकों, अभिभावकों, खेल प्रेमियों एवं मीडिया बंधुओं से इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग की अपील की। प्रेस वार्ता एवं आयोजन समिति की ओर से रामेन्द्र शर्मा अध्यक्ष, इन्द्रवीर सिंह सचिव, अंकित कुशवाहा आयोजक सचिव, सुनील सक्सेना मीडिया प्रभारी, चन्द्रमौलि भारद्वाज सदस्य आयोजन समिति, रोहित जैन सदस्य आयोजन समिति, मो० अनवर अली हार्पर क्लब बैडमिंटन, पवन निषाद शतरंज कोच, शेख सादी जमा, संजय गुप्ता, शाहिद बली, प्रकाश पांडेय, शिवकुमार गुप्ता, विषांश यादव, नवल किशोर चौधरी एवं बाबा फरीद सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# होमगार्ड भर्ती परीक्षा : सुरक्षा के कड़े इंतजाम, जिला प्रशासन मुस्तैद

**- नकल विहीन परीक्षा सुनिश्चित कराने के लिए डीएम-एसपी ने केंद्रों का लिया जायजा**

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जिले में आज आयोजित होमगार्ड भर्ती परीक्षा को सुचारू, शांतिपूर्ण और नकल विहीन तरीके से संपन्न कराने




के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद रहा। परीक्षा की पवित्रता बनाए रखने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए। जिलाधिकारी अमित आसेरी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने स्वयं विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। परीक्षा केंद्रों के बाहर और भीतर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। केंद्रों में प्रवेश से पहले सभी अभ्यर्थियों की सघन तलाशी ली गई। मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर और किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस परीक्षा हॉल में ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहा। प्रशासन ने सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे और जैमर की व्यवस्था सुनिश्चित की, ताकि किसी भी प्रकार की नकल की गुंजाइश न रहे। जिलाधिकारी ने सुबह ही कई प्रमुख परीक्षा केंद्रों का दौरा किया। उन्होंने परीक्षा हॉल का निरीक्षण किया और तैनात स्टेटिक मजिस्ट्रेट व पर्यवेक्षकों से व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अभ्यर्थियों को निष्पक्ष और पारदर्शी माहौल में परीक्षा देने के लिए प्रोत्साहित किया। परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण के पश्चात, जिलाधिकारी ने जिला मुख्यालय स्थित स्ट्रांग रूम और परीक्षा कंट्रोल रूम का भी दौरा किया। स्ट्रांग रूम में प्रश्नपत्रों और उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। कंट्रोल रूम में तैनात टीम को हर केंद्र पर पल–पल की निगरानी रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल रिपोर्ट करने के निर्देश दिए गए। कंट्रोल रूम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए भी केंद्रों से संपर्क बनाए रखा जा रहा था। अधिकारियों ने जोर दिया कि होमगार्ड भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है। योग्यता और मेहनत के आधार पर ही पात्र अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। किसी भी प्रकार के प्रलोभन या झांसे में न आने की अपील की गई। अफवाह फैलाने वालों और अनुचित साधनों का प्रयोग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। जिला प्रशासन ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य परीक्षा को सकुशल और निष्पक्षता से संपन्न कराना है। इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं और हर स्तर पर निगरानी रखी जा रही है। परीक्षा प्रक्रिया में शामिल सभी अधिकारी और कर्मचारी पूरी ईमानदारी और निष्ठा से अपने कर्तव्यों का पालन कर रहे हैं।

# कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल पहुंचा गेहूं खरीद केंद्र

**- किसानों से वार्ता कर जाना हाल**

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में उनके प्रतिनिधि मंडल ने आज दोपहर 12 बजे बजे अचानक मुख्यालय स्थित मंडी समिति एवं राजकीय खाद्य गोदाम प्राइवेट बस स्टैंड के पास पहुंचकर गेहूं क्रय केन्द्रों की हालत देखी एवं पवन कुमार सिंह एजी टेक्निकल मंडी समिति व किसान राकेश सिंह ग्राम जारी, किसान आशीष यादव ग्राम जारी, किसान दीपक यादव ग्राम लामा, किसान धीरेन्द्र पांडेय धीरू ग्राम पादरसपुर आदि किसानों से वार्ता की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित एवं उनके कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल को किसानों ने बतलाया कि भीषण गर्मी में सुबह से भूखे–प्यासे हम लोग लाइन में लगे हैं, भयंकर गर्मी में दोपहर की तपती धूप में झुलस रहे हैं। अभी नम्बर आने की उम्मीद नहीं है, यहां पर पेयजल का आभाव है। धूप से बचाव का कोई इंतजाम नहीं है। न ही किसानों के लिए सुलभ शौचायलयों की कोई व्यवस्था है। किसान लाइन में दिनभर लगे रहते हैं। नम्बर नहीं आता है तो मायूस होकर भूखे–प्यासे शाम को घर लौट जाते है। एक दो आदमी अपने ट्रैक्टर के पास छोड़ जाते हैं। पुनः दूसरे दिन आना पड़ता है, सरकार हम किसानों को जानवरों से भी ज्यादा बदतर मानती है। इसलिए हमारे लिए 45 डिग्री सेल्सियस की भीषण गर्मी व तपती धूप में पीने के पानी तक का कोई इंतजाम नहीं है। पहले कहा जाता रहा की बोरो का आभाव है कैसे खरीदें, अब शायद बोरे



उपलब्ध होने की उम्मीद हुई है लेकिन गोदाम खाली नहीं है जिससे सस्ते दामों में गेहूं प्राइवेट खरीददारों को बेचना पड़ रहा है। किसान हर हालत में शोषण का शिकार हो रहा है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेश दीक्षित एवं उनके प्रतिनिधि मंडल के जिला महासचिव कालीचरण निगम व शोएब रिजवी एवं कंट्रोल रूम प्रभारी बी लाल भाई, एवं कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी ने किसानों को आश्वस्त किया कि वह सरकार व जिला प्रशासन– जिलाधिकारी को इस समस्या से अवगत कराएंगे।

# एचएल इंटर कालेज में टीबी जागुरूकता शिविर का हुआ आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो/बांदा। राष्ट्रीय कय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत 100 दिवसीय टीबी




मुक्त भारत अभियान के अर्न्तगत शनिवार को अर्बन में इन्द्र नगर के एचएल इण्टर कालेज में टीबी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित छात्र छात्राओं एवं शिक्षक गणों को टीबी के लक्षण जैसे 2 हते से खासी आना, मुंह से खून आना, बुखार आना, थकान होना, सीने में दर्द होना, सांस लेने में तकलीफ होना, रात में पसीना आना, गर्दन में गिल्टी/गांठ, बांझपन, आदि लक्षण के बारे में बताया गया। उच्च जोखिम वाली जनसंख्या जैसे कि 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति, मधुमेह से पीड़ित व्यक्ति, एचआईवी से ग्रसित, लम्बी बीमारी से ग्रसित व्यक्ति को टीबी होने की सम्भावना अधिक रहती है ऐसे व्यक्तियों को सतर्क रहना है एवं समय से बलगम तथा एक्सरे की जांच कराना है। टीबी का इलाज छः माह तक दिया जाता है। दवायें सम्बन्धित टीबी मरीज के निवास स्थान के पास डाट्स सेन्टर में उपलब्ध करायी जाती है। इसमें सदिग्ध टीबी मरीजों के बलगम की जांच नॉट मशीन द्वारा जनपद के चिकित्सा इकाई जिला क्षय रोग उन्मूलन केन्द्र, सीएचसी बबेरू, जसपुरा, अतर्रा, नरैनी, बहेरी, पीएचसी तिन्दवारी, कमासिन, बिसण्डा, कालिन्जर में निशुल्क की जाती है एवं टीबी मरीज को निःक्षय पोषण योजना के अर्न्तगत 1000 प्रति माह इलाज समाप्ति तक डीबीटी के माध्यम से मरीज के खाते में भेजे जाते है। टीबी का इलाज जनपद के समस्त सामुदायिक स्वा० केन्द्र/ प्राथमिक स्वा० केन्द्र में निशुल्क दिया जाता है। शिविर में छात्र छात्राओं एवं शिक्षको की उपस्थिति रही। जागरूकता शिविर मे जिला क्षय रोग उन्मूलन केन्द्र से गनेश प्रसाद डीपीपीएमसी एनटीईपी एवं इण्टर कालेज से प्रधानाचार्य, शिक्षकगण आदि उपस्थित रहे।

# पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने बच्चों को बाटे बैग व स्टेशनरी किट

**– शिक्षित व्यक्ति ही दिखा सकता समाज को नई दिशा : हसन**

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। हेल्पिंग द मैनकाइंड फाउंडेशन के तत्वाधान में आज पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने स्कूली बच्चों को बैग सहित स्टेशनी किट वितरित की और कहा कि शिक्षित व्यक्ति ही समाज में फैली वि.तियों को दूर करने में अपना अहम योगदान दे सकता है। शिक्षा के नवीन सत्र प्रारंभ होने पर हेल्पिंग द मैनकाइंड फाउंडेशन बांदा




संस्था की टीम ने स्कूलों बच्चों को शिक्षा सामग्री,स्कूल बैग आदि पूर्व मंत्री नसीम उद्दीन सिद्दीकी के हाथों से वितरित कराए जिसको पाकर बच्चे फूले नहीं समा रहे थे स्कूल किट, बैग आदि पाकर बच्चों के चेहरों पर खिली मुस्कान ने कार्यक्रम की सफलता को और भी विशेष बना दिया। इस मौके पर संस्था के संरक्षक हसन उद्दीन सिद्दीकी, जिला अध्यक्ष मधुसूदन कुशवाहा, मुमताज अली, वसीम उल्लाह एड0,जुगनू पूर्व सभासद आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संस्था के अध्यक्ष नदीम उल्लाह खान ने संस्था के सामाजिक कार्यों से पूर्व मंत्री नसीम उद्दीन सिद्दीकी को अवगत कराया एवं पूरी टीम ने पूर्व मंत्री एवं सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# जल शक्ति राज्यमंत्री की उपस्थिति में 70 रक्तदान वीरों ने किया रक्तदान

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। संत निरंकारी चेरी ट्रबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में पहुंचे जलशक्तिराज्य मंत्री रामकेश निषाद ने वहां रक्तदान कर रहे क्षेत्र के लोगों को उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है रक्तदान करने से लोगों के जीवन की रक्षा करना हम सब का परम दायित्व है। रक्तदान शिविर निरंकारी



सत्संग भवन अलीगंज बांदा में आयोजित किया गया कांस्टेबल उमेश पटेल जो जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद की सुरक्षा में तैनात रहते हैं उन्होंने भी ब्लड बैंक से आए हुए डॉक्टरों की टीम को रक्तदान किया इस प्रकार 70 रक्तदान वीरों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।इस आयोजन के पीछे संत श्री हरदेव सिंह के द्वारा दिए गए मूल मंत्र रक्त नाड़ियों में बहे नालियों में नहीं संस्था के मूलमंत्र को साकार कराने के लिए रक्तदान कराकर पुनीत कार्य किया है वह स्वागत योग्य कदम है। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश सिंह,संजय निषाद, मुख्य विकास अधिकारी, जोन सदस्य संजय पटेल, समाजसेवी रामेंद्र शर्मा प्रचारक , डाक्टर सुरेश सिंह क्षेत्रीय संचालक आदि मौजूद रहे।

# वृद्धा ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम कुरूस्तीकला में मानसिक रूप से विक्षिप्त 60 वर्षीय महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कुरूस्तीकला निवासी चन्द्रसेवक की पत्नी सुनैना देवी काफी दिनों से बीमार चल रही थी। काफी इलाज करवाया गया कोई फायदा न मिलने पर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# शहर के मुख्य मार्गो में चलाया विशेष सफाई अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो



बांदा। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2025–26 के .ष्टिगत नवागतुंक जिलाधिकारी अमित आसेरी द्वारा नगर पालिका परिषद के मुख्य मार्गो सहित नगर की सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने हेतु दिये गये निर्देश के क्रम में शनिवार को शहर के मुख्य मार्ग सर्किट हाउस, मवई बाईपास चौराहा से प्रारंभ होकर महाराणा प्रताप चौराहा तक विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी श्रीचन्द के नेतृत्व में सफाई निरीक्षक देवेन्द्र कुमार एवं हेमन्त प्रसाद व चार सुपरवाईजर सहित 120 सफाई कर्मचारी, जेसीबी मशीन, डम्फर, ट्रैक्टर आदि के माध्यम से पूर्ण स्वच्छता सुनिश्चित की गयी। अधिशाषी अधिकारी द्वारा बताया गया कि इसी प्रकार का अभियान शहर के मुख्य मार्गों पर नियमित रूप से चलाया जायेगा जिसमें व्यापक साफ–सफाई तथा नियमित रूप से कूड़ा उठान एवं उसके निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी साथ ही नालियों की सफाई कर ब्लीचिंग, चूना, कलई एवं एंटी–लार्वा का छिड़काव भी कराया जायेगा, जिससे स्वच्छता के साथ–साथ जन–स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इस मौके पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक (स्वच्छ भारत मिशन–नगरीय) अभिषेक खरे, जियो स्टेट धीरज सिंह, संजय भारती, गजेन्द्र सिंह, नीरज तिवारी सहित नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी एवं सफाई मित्र उपस्थित रहे।

# गौसेवा आयोग की टीम ने कई गौआश्रय स्थल का किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। महेश कुमार शुक्ल उपाध्यक्ष एवं दीपक गोयल सदस्य उ०प्र० गोसेवा आयोग की संयुक्त टीम द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न गौ आश्रय स्थलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आश्रय स्थल में मौजूद गौवंश की स्थिति, उनके रख–रखाव, चारा–पानी, साफ–सफाई तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का गहनता से अवलोकन किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि आश्रय स्थल पर गौवंश के लिए पर्याप्त चारा एवं स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। साथ ही पशुओं के लिए बनाए गए शेड, उनके स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण की स्थिति का भी जायजा लिया गया। उपाध्यक्ष ने कहा कि बीमार एवं कमजोर पशुओं के लिए पृथक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा नियमित रूप से पशु चिकित्सकों द्वारा उनका परीक्षण कराया जाए। उन्होंने गोबर एवं अपशिष्ट प्रबंधन, साफ–सफाई तथा स्थल की समुचित स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया कि सभी अभिलेखों का संधारण अद्यतन रूप से किया जाए। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शासन द्वारा निर्धारित मानकों का पूर्ण अनुपालन करते हुए गौवंश के संरक्षण एवं देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत रुपईडीहा के जनगणना कर्मियों का प्रशिक्षण शपथ के साथ संपन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। आगामी वर्ष 2026–27 में नगर पंचायत रुपईडीहा क्षेत्र में प्रस्तावित जनगणना एवं मकान गणना कार्य को सुचारु रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से नियुक्त कर्मचारियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम नगर पालिका परिषद नानपारा में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 48 कर्मचारियों ने भाग लिया। इस दौरान जनगणना एवं मकान गणना से संबंधित सभी आवश्यक बारीकियों, प्रक्रिया और तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों द्वारा कर्मियों को घर–घर जाकर सही आंकड़े संकलित करने, मकानों का विवरण दर्ज करने तथा निर्धारित प्रारूप में सूचनाएं संकलित करने के संबंध में विस्तार से प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर नगर पंचायत रुपईडीहा के अधिशासी अधिकारी राम बदन यादव ने सभी कर्मचारियों को शपथ दिलाई। उन्होंने कर्मियों से अपील की कि वे जनगणना कार्य को पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ संपन्न करें, ताकि क्षेत्र के विकास के लिए सटीक आंकड़े उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि जनगणना एवं मकान गणना किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला होती है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

## जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य, ईमानदारी से ले प्रशिक्षण : डीएम

### – जनगणना कार्य को ठीक ढंग से करें पूर्ण

न्यूज वाणी ब्यूरो/मऊ। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने आज जनपद में होने वाली आगामी जनगणना के .ष्टिगत प्रथम चरण के जनगणना कर्मियों को बाबू आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में दिए जा रहे प्रशिक्षण कार्य का निरीक्षण किया। ज्ञातव्य है कि जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से जनपद के समस्त तहसीलों के विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जनपद में जनगणना प्रक्रिया को सफल संपन्न कराने हेतु कुल 5120 कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है जिसमें सुपरवाइजर हेतु 734 तथा प्रगणक हेतु 4386 कार्मिक शामिल है।

## ई-लाटरी के माध्यम से कृषकों को उपलब्ध कराई जाएगी बीज

न्यूज वाणी ब्यूरो/मऊ। उप .षि निदेशक ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा खरीफ 2026 में .षि विभाग में संचालित समस्त योजनाओं में समस्त बीज पहले आओ पहले पाओ के सिद्धान्त के स्थान पर ऑन लाईन बुकिंग कराते हुए ई–लाटरी के माध्यम से .षको को उपलब्ध कराया जायेगा। इस क्रम में .षक बन्धुओं को अवगत कराया जाता है कि विभिन्न योजनान्तर्गत सामान्य बीज वितरण एवं मिनीकीट वितरण हेतु निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष समस्त बीज (प्रमाणित/संकर) की बुकिंग विभाग के पोर्टल पर 22 अप्रैल से प्रारम्भ कर दी गयी है, जिसकी कट ऑफ तिथि 10 मई निर्धारित है, जहाँ किसान अपनी आवश्यकतानुसार आवश्यक बीज की बुकिंग कर सकते है, बीज वितरण हेतु .षको का चयन ई–लाटरी के माध्यम से किया जायेगा। .षक बन्धुओं से अपील की जाती है कि खरीफ 2026 में बीज, गिनीकीट प्राप्त करने हेतु उपरोक्तानुसार आवेदन, बुकिंग करें।

## फसल को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद

न्यूज वाणी ब्यूरो


रिपोर्ट चंद्रकेश मौर्य डलमऊ

डलमऊ, रायबरेली। खेत में काटी गई गेहूं की फसल की लौनी लेने को लेकर दो पक्षों में विवाद उत्पन्न हो गया देखते ही देखते महिलाओ के ऊपर हमला कर दिया जिसकी शिकायत पीड़ित महिला ने कोतवाली डलमऊ में की है। बीते शुक्रवार को डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के पूरे सुखई मजरे देवली गांव में घटना उस समय घटित हुई है खेत में काटी गई गेहूं की फसल की तय लौनी में छह बोझ में मनचाहा एक बोझ देने की बात हुई थी इसी बात पर विपक्षी बोझ देने से मना कर दिए । जिसके बाद विपक्षी दीपू और दो बेटों ने गाली गलौज करते हुए हमला कर दिया। वही पीड़ित महिला का आरोप है कि दबंगों ने लीलावती,लक्ष्मी,राजकुमारी,गीता, और शिवानी को लात – घूंसो से बुरी तरह पीटा है जिसके बाद लीलावती के हाथ में किसी वस्तु से वार किया और गंभीर चोटे आई जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गई। पीड़ित महिला ने कोतवाली डलमऊ में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है। इस संबन्ध में कोतवाली प्रभारी डलमऊ राघवन सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरतार किया है कार्यवाही की जा रही हैं।

# निराश्रित गोवंश के संरक्षण में प्रदेश सरकार की संवेदनशील पहल : उपाध्यक्ष

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। आज महेश कुमार शुक्ल उपाध्यक्ष एवं दीपक गोयल सदस्य उ०प्र० गोसेवा आयोग की संयुक्त टीम द्वारा पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में पत्रकारों के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई। उपाध्यक्ष ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी एवं कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार गौ सेवा को केवल सांस्.तिक दायित्व नहीं, बल्कि मानवीय एवं आध्यात्मिक उत्तरदायित्व के रूप में स्वीकार करते हुए सतत कार्य कर रही है। राज्य सरकार द्वारा निराश्रित एवं असहाय गोवंश के संरक्षण एवं सुव्यवस्थित देखभाल के लिए व्यापक एवं बहु आयामी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम प्रदेशभर में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य है जहां निराश्रित गोवंश के भरण–पोषण के लिए सरकार द्वारा 50 प्रति दिन के दर से भरण–पोषण की धनराशि उपलब्धा कराई जा रही है। प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी गौ संरक्षण नीति के अंतर्गत वर्तमान में राज्य के विभिन्न जनपदों में 7,700 से अधिक गौ–आश्रय स्थल सक्रिय रूप से संचालित हो रहे हैं। इन आश्रय स्थलों में 16 लाख से अधिक निराश्रित गोवंश को सुरक्षित आवास, नियमित आहार, स्वच्छ पेयजल तथा आवश्यक चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। यह व्यवस्था न केवल गोवंश के संरक्षण को सुनिश्चित कर रही है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं सामाजिक संतुलन को भी सु.ढ़ कर रही है।गौशालाओं के प्रभावी संचालन एवं पारदर्शिता करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा 5,446 गौशालाओं में 7,592 सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं। अत्याधुनिक निगरानी प्रणाली 24 7 कार्यरत रहकर गोवंश की सुरक्षा देखभाल की गुणवत्ता तथा प्रशासनिक जवाबदेही को सु.ढ़ कर रही है। मुख्यमंत्री की निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना के माध्यम से सरकार ने गौ–संरक्षण को जन आंदोलन का रूप प्रदान किया है। इस योजना के अंतर्गत अब तक 1,67,065 गोवंश इच्छुक एवं जिम्मेदार गोपालकों को सुपुर्द किए गए हैं। सरकार द्वारा प्रत्येक गोवंश के लिए 50रु प्रतिदिन की दर से भरण–पोषण भत्ता सीधे गोपालकों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से प्रेषित किया जा रहा है। यह पहल न केवल गोवंश के संरक्षण में सहायक है, बल्कि गोपालकों की आय वृद्धि में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। जनपद में जिला प्रशासन द्वारा गौ संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में जनपद में कुल 36 गौ आश्रय स्थल क्रियाशील हैं, जिनमें 6224 गोवंश का संरक्षण एवं पालन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त 599 गोपालकों गो–संवर्धन सहभागिता योजना के अंतर्गत 629 गोवंश को अपनाकर सामुदायिक सहभागिता का उत्.ष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार उ०प्र० गोवध निवारण अधिनियम 1955 के अंतर्गत गोवंश की सुरक्षा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। गौ–तस्करी जैसे गंभीर अपराधों से संबंधित नियमों के उल्लंघन पर त्वरित एवं कठोर दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। कुछ असामाजिक एवं मिथ्या तथ्यों द्वारा भ्रमित प्रचार का खंडन करते हुए उपाध्यक्ष गौ सेवा आयोग श्री महेश शुक्ल जी के द्वारा बताया गया कि गौ सेवा के परिप्रेक्ष्य में संचालित आश्रय स्थलों का नियमित निरीक्षण करते हुए निरंतर पैनी निगाह रखी जा रही है तथा कोई भी अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। इस समय कतिपय तत्वों द्वारा भ्रामक सूचनाओं के प्रसार से जनमानस को भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि निराश्रित गोवंश की सेवा एवं संरक्षण के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। राज्य सरकार गोवंश के प्रति अपनी संवेदनशीलता, मानवीय एवं समर्पित .ष्टि के साथ सुशासन के सिद्धांतों को साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# बिजली कटौती से ग्रामीण क्षेत्र बेहाल

### – चार दिन से रात भर गुल रह रही सप्लाई, उपभोक्ताओं में आक्रोश

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में लगातार हो रही बिजली कटौती से लोगों का जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। पिछले चार दिनों से हालात यह हैं कि रात के समय बिजली लगभग पूरी तरह गुल रहती है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार विभिन्न फीडरों पर रातभर पनकी कोड के तहत बिजली कटौती की जा रही है और महज एक–दो घंटे ही आपूर्ति मिल पा रही है। भीषण गर्मी के बीच लोग रातभर हाथ से पंखा झलकर किसी तरह मच्छरों के गाने सुनते हुए समय काटने को मजबूर हैं। बिजली के दर्शन सुबह हो जाते थे लेकिन शनिवार को तार टूट जाने के कारण भी नहीं हुए हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि इन दिनों बिजली आपूर्ति पूरी तरह अनियमित हो गई है। निर्धारित शेड्यूल के अनुसार बिजली नहीं मिलने से



उनकी दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हो रही है। सरकार जहां शहरों में 20 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों में 16 घंटे बिजली देने का दावा कर रही है, वहीं हकीकत इसके बिल्कुल विपरीत नजर आ रही है। लोगों का आरोप है कि इमरजेंसी कटौती के नाम पर 10 से 12 घंटे तक बिजली गुल कर दी जाती है, जबकि लोकल रोस्टिंग के तहत 6 से 7 घंटे अतिरिक्त कटौती होती है। इसके बाद फॉल्ट और शटडाउन के नाम पर 4 से 5 घंटे और बिजली बंद कर दी जाती है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों में कुल मिलाकर केवल 4 से 5 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। शुक्रवार रात को क्षेत्र के करीब नौ फीडरों से जुड़े दो सौ से अधिक गांवों में दिनभर रोस्टर के अलावा इमरजेंसी कटौती की गई। रात में भी स्थिति बदतर रही और शनिवार को खबर लिखे जाने तक बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं हो सकी। यह स्थिति लगातार चार दिनों से बनी हुई है। शिकायत करने पर विभागीय अधिकारी इमरजेंसी कटौती का हवाला देकर पल्ला झाड़ लेते हैं, जिससे उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश है। इस संबंध में एसडीओ आनंद पाल सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह रायनगर से ग्रामीण क्षेत्र को सप्लाई देने वाली 33 केवी लाइन का तार टूट जाने से बिजली बाधित हुई है। टीम मौके पर काम कर रही है और जल्द ही आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि रात में पनकी कोड के तहत कटौती की जा रही है।

# मानव तस्करी में भारतीय नाबालिग बालिका रेस्क्यू

### - नेपाली संदिग्ध तस्कर गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

रुपईडीहा, बहराइच। भारत–नेपाल सीमा पर मानव तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सशस्त्र सीमा बल को एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। 42 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट गिरीश चन्द्र पाण्डेय के मार्गदर्शन में एक भारतीय नाबालिग बालिका का सफल रेस्क्यू किया गया, जबकि एक नेपाली संदिग्ध तस्कर को गिरतार कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट रुपईडीहा पर तैनात एसएसबी जवानों ने ऑप्स ब्रांच से प्राप्त सूचना के आधार पर सघन जांच अभियान चलाया। सूचना मिली थी कि बिहार के मुजफरपुर जनपद से लापता एक नाबालिग बालिका को एक नेपाली युवक द्वारा नेपाल से भारत लाया जा सकता है। इसी सूचना के क्रम में आईसीपी रुपईडीहा स्थित पैसेंजर टर्मिनल बिल्डिंग में नेपाल के बुटवल से दिल्ली आ रही बस की गहन तलाशी ली गई। जांच के दौरान एक नाबालिग बालिका एक नेपाली युवक के साथ संदिग्ध अवस्था में पाई गई। पूछताछ में बालिका की पहचान आराधना यादव 15 वर्ष पुत्री उमाशंकर राय, निवासी ग्राम रैपुर, पोस्ट दुबाहा, जिला मुजफरपुर, बिहार के रूप में हुई। बालिका के पास कोई वैध पहचान पत्र नहीं था। साथ मौजूद युवक ने अपना नाम सुशांत राना 19 वर्ष पुत्र दल बहादुर, निवासी मुसिकोट नगरपालिका वार्ड संख्या 03, जिला गुल्मी, नेपाल बताया तथा नेपाली नागरिकता प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट एवं संबंधित एनजीओ की उपस्थिति में पूछताछ के दौरान बालिका ने अपनी पहचान की पुष्टि की। परिजनों से संपर्क करने पर यह भी सत्यापित हुआ कि बालिका के लापता होने के संबंध में थाना सकरा, जिला मुजफरपुर बिहार में गुमशुदगी दर्ज है। प्राथमिक जांच में युवक की गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं तथा परिस्थितियां मानव तस्करी की ओर संकेत करती मिलीं। इसके बाद दोनों को आगे की विधिक कार्रवाई हेतु थाना रुपईडीहा पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया।

# केबी पेट्रोलियम डिगिहा का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। जनपद में विशेषकर नगर क्षेत्र में डीजल एवं पेट्रोल आपूर्ति का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव व अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह के साथ डिगिहा स्थित के.बी. पेट्रोलियम का औचक निरीक्षण कर प्रोपराईटर मनीष मातनहेलिया से डीजल एवं पेट्रोल की प्राप्ति एवं वितरण के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। श्री मातनहेलिया ने डीएम व एसपी को बताया कि उनके पेट्रोल पम्प पर डीजल के पम्प फ्रन्ट एरिया में स्थापित हैं। इस लिए नगरवासियों की सुविधा को देखते हुए पिछले कुछ दिनों में उनके द्वारा डीजल नहीं मंगाया गया है। उन्होंने बताया कि आगे की ओर बड़े वाहनों द्वारा डीजल लेने से छोटे वाहनों को पेट्रोल लेने में असुविधा होती है। जनपद में पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति के सम्बन्ध में श्री मातनहेलिया ने बताया कि मरम्मत कार्य के कारण घाघरा पुल का संचालन बन्द होने के कारण पेट्रोलियम पदार्थों के ट्रांसपोर्ट वाहनों को जहां पहले 04 घण्टे का समय लगता था वहीं अब लगभग 07 घण्टे में वाहन पहुंच पाते हैं। उन्होंने डीएम व एसपी को बताया कि पिछली रात को 20 हजार लीटर पेट्रोल मंगवाया




था। जिसका वितरण हो रहा है। डीएम ने श्री मातनहेलिया से अपेक्षा की जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित गाईड लाईन के अनुसार आमजन को वितरण किया जाय। वितरण कार्य में जिला प्रशासन द्वारा हर संभव सहयोग प्रदान किया जायेगा। डीएम ने कहा कि पेट्रोलपम्प पर आने वाले 02 पहिया वाहनों को हेल्मेट पहनने के लिए जागरूक भी करें।

# होमगार्ड परीक्षा देने गया युवक शिकोहाबाद स्टेशन के पास मृत मिला

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। लुधपुरा मोहल्ले के 28 वर्षीय युवक शुभम की शिकोहाबाद रेलवे स्टेशन के पास संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना से नगर में शोक की लहर दौड़ गई है और परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।बताते हैं कि शुभम पुत्र राकेश कुमार होमगार्ड की परीक्षा देने के लिए दो दिन पहले आगरा जा रहा था, ताकि समय से परीक्षा केंद्र पर पहुंच सके। बताया जाता है कि वह अपनी मां प्रेमलता के साथ पिछले लगभग दो दशकों से अपनी ननिहाल मोहल्ला लुधपुरा में रह रहा था। परिजनों एवं सूत्रों के अनुसार शुभम के पिता राकेश कुमार जो उत्तर प्रदेश पुलिस में कार्यरत बताए जाते हैं, लंबे समय से परिवार से अलग रह रहे थे। ऐसे में उसकी मां प्रेमलता ने मायके पक्ष के




सहयोग से अपने चार बच्चों, नीरज कुमार, रागिनी, कामिनी तथा शुभम का पालन–पोषण किया। सूत्रों के मुताबिक शुभम होमगार्ड भर्ती परीक्षा देने के लिए रवाना हुआ था, लेकिन शिकोहाबाद रेलवे स्टेशन और ट्रैक के बीच उसका शव मिलने से सनसनी फैल गई। प्रथम .ष्टया आशंका जताई जा रही है कि किसी कारणवश ट्रेन से उतरते समय उसका पैर फिसल गया और वह ट्रेन व प्लेटफॉर्म के बीच आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई घटना की सूचना पर शिकोहाबाद थाना पुलिस ने परिजनों को अवगत कराया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की शिनाख्त शुभम के रूप में की। फिरोजाबाद में पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव को उसके पैतृक निवास लुधपुरा लाया गया, जहां अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। नगर में शोक का माहौल है।

## डीएम व एसपी ने थाना कोपागंज में की जनसुनवाई

### – भूमि से संबंधित विवादों का राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें जाकर तत्काल करें निस्तारण

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर के साथ थाना कोपागंज में जनसुनवाई की। इस दौरान प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने के निर्देश



उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिए। विशेष कर भूमि से संबंधित विवादों का राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम तैयार कर तत्काल मौके पर निस्तारण करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। जनसुनवाई के दौरान अधिकतर शिकायतें भूमि विवाद से ही संबंधित थी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक के अलावा संबंधित थाना अध्यक्ष सहित समस्त क्षेत्रीय लेखपाल एवं कानूनगो को उपस्थित रहे।

## ग्राम चौपाल में छात्रावास प्रवेश व योजनाओं की दी जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में 24 अप्रैल को राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास, मोढी भरथना में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आसपास के विद्यालयों में अ ययनरत छात्रों को 50 सीट क्षमता वाले छात्रावास में प्रवेश के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी देना रहा। चौपाल में मुख्य विकास अधिकारी, ब्लॉक प्रमुख भरथना, ग्राम प्रधान मोढी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, जिला समाज कल्याण अधिकारी संध्या रानी बघेल, खंड विकास अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, छात्रावास अधीक्षक व अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने छात्रावास की उपयोगिता, प्रवेश प्रक्रिया और छात्रों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही विभाग की विभिन्न योजनाओं जैसे वृद्धावस्था पेंशन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, शादी अनुदान, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना तथा छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति योजनाओं के बारे में भी जागरूक किया। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए छात्रावास में जल्द ही वाचनालय की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही परिसर में वाई–फाई सुविधा पहले से उपलब्ध है, जिसका लाभ छात्र अपनी पढ़ाई के लिए उठा सकते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से फार्मर रजिस्ट्री और फैमिली आईडी बनवाने की अपील की, ताकि पात्र नागरिकों को सभी सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके। छात्रावास में किए गए कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, अभिभावक और छात्र–छात्राएं मौजूद रहे और ग्राम चौपाल सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

## ईसीसीई एजुकेटर्स के पदों हेतु करें आवेदन

न्यूज वाणी ब्यूरो/बहराइच। जनपद में परिषदीय विद्यालयों में अवस्थित को–लोकेटेड आंगनबाड़ी केन्द्रों में 140 ई.सी.सी.ई. एजुकेटर्स के पद पर मैन पावर की आपूर्ति हेतु सेवायोजन पोर्टल पर सेवा प्रदाता के माध्यम से विज्ञप्ति प्रकाशित की गयी है। जिसकी अन्तिम तिथि 09 मई 2026 है। यह जानकारी देते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित समय में सेवायोजन पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

# परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने डीएम से की शिष्टाचार भेंट

## - संगठन के कार्यों, उद्देश्यों व योजनाओं पर की चर्चा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अखिल भारतीय सनातन राष्ट्र धर्म परिषद के संस्थापक एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता शुभम रस्तोगी के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी हैप्पी गुप्ता, युवा



जिलाध्यक्ष आदित्य श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष गौरव मिश्रा, युवा जिला महामंत्री निखिल श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी के आगमन पर संगठन की ओर से उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान संगठन के कार्यों, उद्देश्यों एवं आगामी योजनाओं को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। शुभम रस्तोगी ने संगठन की गतिविधियों की जानकारी देते हुए समाज में सांस्:तिक जागरूकता, युवाओं के मार्गदर्शन और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के प्रयासों पर प्रकाश डाला। जिलाधिकारी ने संगठन के कार्यों की सराहना करते हुए जनहित के कार्यों में सहयोग का आष्वासन दिया। यह भेंट संगठन और प्रशासन के बीच समन्वय को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुई।

# फांसी के फंदे पर लटकी नवविवाहित, हत्या का आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। नवविवाहित ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मृतका के पिता ने ससुरालीजनों पर दहेज को लेकर बेटी को मार डालने का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार तिंदवारी थाना क्षेत्र के कस्बा कबीर नगर निवासी अंजना 22 पत्नी प्रमोद कबीर ने शुक्रवार की दोपहर कमरे के अंदर दुपट्टा के सहारे पाइप में फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद फुफेरी बहन मुन्नी ने फंदे पर शव लटकता देख तो शोर मचाया। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। फंदा काटकर युवती को नीचे उतार लिया।तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के पति का कहना है कि उसे मायके जाना था। वही उसकी गाड़ी खराब हो गई थी। वह गाड़ी बनवाने चला गया था। तभी अंजना ने मौका पाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना को लेकर पति ने अनभिज्ञता जताई है।मृतका के पिता चुन्ना निवासी चूहा खेर का कहना है कि उसने अपनी बेटी की शादी 2 माह पहले की थी। आरोप लगाया कि ससुराली जन बेटी से दहेज की मांग करते थे। कहा कि दहेज न देने पर उसकी बेटी को मार डाला है।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम सौरभ कुमार भास्कर अंकित हो गया है जो गलत है। जबकि मेरे आधार में सौरभ कुमार है यही नाम सही है इसलिए मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में सौरभ कुमार पुत्र देवी दीन भास्कर अंकित किया जाना न्यायहित में जरूरी है। सौरभ कुमार पुत्र देवी दीन भास्कर निवासी जयराम नगर विधायक रोड फतेहपुर।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम अंग्रेजी में गौरव कुमार भास्कर अंकित हो गया है जो गलत है। अंग्रेजी में भास्कर की स्पेलिंग (BHASKAR) है जबकि (BHASKER) सही है। गौरव कुमार पुत्र देवी दीन भास्कर अंकित किया जाना न्यायहित में जरूरी है। गौरव कुमार भास्कर पुत्र देवी दीन भास्कर निवासी जयराम नगर विधायक रोड फतेहपुर।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै रिटायर्ड आर्मी परसन हूँ। मेरा आर्मी न0 16012551ए हवलदार है। मेरे विभाग की सर्विस बुक में मेरी पत्नी शबनम की जन्मतिथि 10.11.1988 दर्ज है। जबकि वास्तविक जन्मतिथि 18.03.1992 है जो सही है और सभी शैक्षिक अभिलेखो में अंकित है इसलिये मेरी सर्विस बुक में सही जन्मतिथि 18.03.1992 अंकित किया जाना आवश्यक है। सौकत अली पुत्र जहूर अहमद निवासी मोहल्ला अमरजई नवइया तालाब तहसील व जिला फतेहपुर उ0प्र0।

न्यूज़ वाणी
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
राज्य सरकार व केंद सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध
समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि
09451548620, 9451180488

# दूल्हे के पिता के पहनावे पर रुके फेरे, बाद में बनी सहमति

न्यूज वाणी ब्यूरो

नगीना–बिजनौर। एक गांव में आयोजित विवाह समारोह के दौरान दूल्हे के पिता की वेशभूषा को लेकर अचानक विवाद खड़ा हो गया, जिससे देर रात तक हंगामा चलता रहा। स्थिति ऐसी बन गई कि दुल्हन पक्ष ने फेरों की रस्म रोक दी और दोनों पक्षों में तनातनी हो गई। बताया गया कि फेरों की रस्म शुरू होने से पहले जब दूल्हे के पिता मंडप में पहुंचे तो उनकी वेशभूषा को लेकर चर्चा शुरू हो गई। दुल्हन पक्ष ने आपत्ति जताते हुए विवाह की रस्में रोक दीं और कार्यक्रम बीच में ही ठप हो गया। कुछ ही देर में माहौल तनावपूर्ण हो गया और दोनों पक्षों के लोग अलग–अलग हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों से बातचीत कर मामले को शांत कराने का प्रयास किया। काफी देर तक चली समझाइश के बाद दोनों पक्षों में सहमति बनी और विवाह की रस्में दोबारा शुरू कराई गईं। सुबह के समय शांत माहौल में फेरों की रस्म पूरी कराई गई और विवाह संपन्न हुआ। स्थानीय लोगों के अनुसार, दूल्हा–दुल्हन एक–दूसरे को पहले से जानते थे और परिवारों की सहमति से ही यह रिश्ता तय हुआ था। पुलिस के अनुसार, मामले में किसी भी पक्ष ने कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है और आपसी सहमति से विवाद समाप्त हो गया।

# होमगार्ड भर्ती परीक्षा पर एडीजी का छापा, केंद्रों में खंगाली सुरक्षा व्यवस्था

## - डीएम-एसपी संग पहुंचे एडीजी, सीसीटीवी से लेकर अभ्यर्थियों की तलाशी को देखा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। होमगार्ड इनरोलमेंट–2025 की लिखित



परीक्षा को लेकर शनिवार को जिले में उस समय प्रशासनिक हलचल तेज हो गई जब एडीजी ज्योति नारायण ने अचानक परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं की नब्ज टटोली। निधि गुप्ता वत्स और अभिमन्यु मांगलिक के साथ एडीजी ने कई परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया और सुरक्षा इंतजामों से लेकर अभ्यर्थियों की सघन जांच तक हर बिंदु पर पैनी नजर डाली। रिजर्व पुलिस लाइन पहुंचने पर गार्ड सलामी लेने के बाद एडीजी का काफिला सीधे परीक्षा केंद्रों की ओर रवाना हुआ। एएस इंटर कॉलेज और श्री निरंकारी बालिका इंटर कॉलेज समेत विभिन्न केंद्रों पर पहुंचकर उन्होंने प्रवेश द्वार की चेकिंग, सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता, परीक्षा कक्षों की निगरानी, ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों की तैनाती तथा नकल रोकने के इंतजामों को बारीकी से परखा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने केंद्र व्यवस्थापकों को साफ शब्दों में चेतावनी दी कि परीक्षा की निष्पक्षता से खिलवाड़ करने वालों पर तत्काल कार्रवाई होगी। संवेदनशील केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है, जबकि संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए विशेष मॉनिटरिंग कराई जा रही है। एडीजी ज्योति नारायण ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप भर्ती परीक्षा पूरी तरह पारदर्शी, शांतिपूर्ण और नकलविहीन कराई जाएगी। किसी भी स्तर पर लापरवाही मिली तो संबंधित जिम्मेदार सीधे कार्रवाई की जद में आएंगे। होमगार्ड भर्ती परीक्षा को लेकर जिले में पूरे दिन प्रशासनिक अमला अलर्ट मोड पर रहा। डीएम और एसपी स्वयं लगातार केंद्रों की मॉनिटरिंग करते रहे, जिससे अभ्यर्थियों में भी परीक्षा की गंभीरता साफ दिखाई दी।

# शहर को मिली एक करोड़ की दस सड़कों की सौगात

## - नगर पालिका चेयरमैन ने नाली व सीसी रोड का किया उद्घाटन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजकुमार मौर्या ने शहर की खस्ताहाल सड़कों को सुधारते हुए शनिवार को विकास की बड़ी इबारत लिखते हुए नगर को एक करोड़ की दस सड़कों का उद्घाटन कर नगर कों सड़कों की सौगात दी। शहर के अलग अलग वार्डो में सड़को के बन जाने के लोगों को जहां जलभराव के संकट से राहत मिलेगी वहीं बेहतरीन यातायात व्यवस्था होने से लोगों के चेहरे पर मुस्कान भी है। चेयरमैन ने वार्ड नंबर 14 आबूनगर में 19 लाख की लागत से 215 मीटर की नाली व सीसी रोड, तांबेष्वर मंदिर के निकट 9.5 लाख की लागत से 130 मीटर नाली व सीसी रोड, 50 नंबर पुल के नीचे सर्विस लेन 9.90 लाख से 270 मीटर मार्ग निर्माण, वार्ड नंबर 7 हरिहरगंज में 17 लाख की लागत से 180 मीटर मीटर नाली व सीसी रोड, वार्ड नंबर 5 गढ़ी में 9.30 लाख की लागत से 105 मीटर नाली व सीसी रोड, वार्ड नं0 3 बक्सपुर में गाजीपुर मार्ग पर 11.20 लाख से 207 मीटर नाली व सीसी रोड, वार्ड नंबर 8 झाऊपुर में 7.10 लाख से 70 मीटर नाली व सीसी रोड, वार्ड नंबर 9 रामगंज पक्का तालाब में 10.30 लाख से 120 मीटर नाली व सीसी रोड, वार्ड नंबर एक अजगवां में अयोध्या कुटी के पास 15.70 लाख से नाली व सीसी रोड, वार्ड नंबर 8 झाऊपुर रमवा रोड पर 3.5 लाख



से 165 मीटर डामरीकरण का कार्य का विधि–विधान के साथ पूजा अर्चना करने के पश्चात शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। इस दौरान वार्डो के प्रतिनिधि सभासदों के अलावा मोहल्लों के संभ्रांत नागरिकों ने चेयरमैन राजकुमार मौर्या का माल्यार्पण कर मोहल्लों की समस्याओं को दूर करने पर बधाई दी व आभार प्रकट किया। इस मौके पर सभासद विनय तिवारी, अतीश पासवान, विवेक यादव, साबिर अहमद, गुड्डू यादव, संतोष पटेल, आशू सिंह, नगर पालिका कर्मी मोहम्मद हबीब आदि मौजूद रहे।

# लाल बहादुर शास्त्री इंटर कालेज में बोर्ड परीक्षा के मेधावी सम्मानित

## - सच्ची लगन से निखरती है प्रतिभा : जेल पर्यवेक्षक

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। लाल बहादुर शास्त्री इंटर कालेज पनी एवं बिपिन राज कान्वेंट में यूपी बोर्ड परीक्षा



में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जेल पर्यवेक्षक बिपिन बिहारी शरन ने मेधावियों को माला पहनाकर मुंह मीठा कराया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। यूपी बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के छात्र छात्राओं का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा स समारोह में विद्यालय की संरक्षिका अनुराधा गुप्ता एवं उपासना शरन ने हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की प्रियंका सोनी, गुलनाज, इशिका सोनी, वैभवी मिश्रा, जोया, अल्फिया, बुसरा अजीज, इनिमा सहित छात्र–छात्राओं को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। जेल पर्यवेक्षक बिपिन बिहारी शरण ने कहा कि यूपी बोर्ड की परीक्षा में छात्र छात्राओं ने संतोषजनक परिणाम दिए हैं। उन्होंने कहा कि सच्ची लगन से ही प्रतिभा निखरती है। तभी विद्यालय का नाम रोशन होता है। समारोह में आए हुए अतिथियों एवं अभिभावकों का लाल बहादुर शास्त्री इंटर कालेज के प्रधानाचार्य अमिताभ बिहारी शरण ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर कमलचंद वर्मा, राम किशोर गुप्ता, नमामि गंगे के संयोजक शैलेंद्र शरण सिम्पल, आशीष मिश्रा, लीना श्रीवास्तव, जुबेरिया, सर्वेश श्रीवास्तव, अब्दुल कुद्दूस, अवधेश श्रीवास्तव, अंशुमान, विनीता, खुशनुमा, मोहनिस, प्रतिभा, रवि कुमार आदि रहे।

# सुन्नी काजी-ए-शहर मुती शहाबुद्दीन के आवास पहुचे वरिष्ठ सपा नेता

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री नसीम उद्दीन सिद्दीकी शनिवार को सुन्नी काजी–ए–शहर मुती शहाबुद्दीन के आवास पहुंचे और उन्हें नई जिम्मेदारी संभालने पर दिली मुबारकबाद दी। पूर्व मंत्री नसीम उद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि यह पद केवल सम्मान ही नहीं बल्कि बड़ी जिम्मेदारी भी है, जिसे मुती शहाबुद्दीन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे। नेताओं ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में समाज में भाईचारा, एकता और सामाजिक मजबूती को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि सुन्नी काजी–ए–शहर का पद समाज को सही मार्गदर्शन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और मुती शहाबुद्दीन इस जिम्मेदारी पर पूरी तरह खरे उतरेंगे। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने भी एक स्वर में भरोसा जताया कि मुती शहाबुद्दीन के नेतृत्व में शहर का मुस्लिम समाज और अधिक संगठित होगा तथा धार्मिक व सामाजिक मामलों में बेहतर दिशा प्राप्त करेगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रमुख लोगों में शाहनवाज अनवर, हाजी फरीद, मोहम्मद फुरकान, तनवीर अहमद, शुऐब खान, रईस, निसार अधिवक्ता, हाफिज शाहिद, हाफिज अखलाक, कारी शरीफ, हाजी यूसुफ, सय्यद गालिब हैदर, ऐनुल हसन, तौसीफ आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में गणमान्य लोग और स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे, जिन्होंने सुन्नी काजी–ए–शहर को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



# संगठन मजबूती के प्रयासों में जुटे भाकियू जिला उपाध्यक्ष

## – पंचायतों को सफल बनाने के लिए कर रहे तूफानी दौरा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के नवमनोनीत जिला उपाध्यक्ष यूसुफ तबरेज संगठन मजबूती के प्रयासों में जुट गए हैं। जहां किसानों को संगठन की नीतियां बताकर जोड़ने का काम कर रहे हैं वहीं आगामी मई माह में होने वाली पंचायतों को सफल बनाने के लिए तूफानी दौरा भी कर रहे हैं।



उनके इस प्रयास की संगठन के लोग सराहना कर रहे हैं। जिला उपाध्यक्ष यूसुफ तबरेज ने बताया कि जिले के किसानों की प्रमुख समस्याओं को लेकर आगामी मई माह में विभिन्न पंचायतें लगाई जाएंगी। इसके पूर्व एक मई को महात्मा महेन्द्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि नहर कालोनी में मनाई जाएगी। जिसकी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी की टंकी व पाइप लाइनें शोपीस बनकर रह गई हैं। कहीं पानी की सप्लाई नहीं हो रही है। जिले के गेहूं खरीद क्रय केन्द्रों में व्यापारियों व माफियाओं का गेहूं बिक जाता है। विद्युत विभाग द्वारा विद्युत बिल बढ़ाकर उगाही की जा रही है। जिले की नहरों में पानी नहीं आ रहा है। इन्हीं समस्याओं को लेकर संगठन ने मई माह में पंचायतें आयोजित करने का निर्णय लिया है। जिसके तहत एक मई को भिटौरा ब्लाक के मिर्जापुर भिटारी, आठ मई को हसवा ब्लाक के बहरामपुर, पांच मई को ऐरायां ब्लाक के धूमन कुआं, तेरह मई को ऐरायां ब्लाक का घेराव कर पंचायत लगाई जाएगी। पंचायतों को सफल बनाने के लिए उन्होने तूफानी दौरा भी शुरू कर दिया है। ज्यादा से ज्यादा किसान साथियों को पंचायत स्थल पर पहुंचने की अपील कर रहे हैं। उन्होने कहा कि संगठन किसानों के हक की लड़ाई लड़ता आया है और आगे भी लड़ेगा।




**अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का उद्घाटन**



रेल प्रशासन द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखते हुए दो नई अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियों के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिनका उद्घाटन दिनांक **28.04.2026** को क्रमशः **बनारस** एवं **अयोध्या धाम जं.** से किया जाएगा। जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

**गाड़ी सं. 02531 बनारस-हड़पसर अमृत भारत एक्सप्रेस (प्रतिदिन) उद्घाटन विशेष**

गाड़ी सं. **02531** बनारस से दिनांक **28.04.2026** (मंगलवार) को प्रस्थान करेगी।

**संरचनाः** स्लीपर श्रेणी-08, सामान्य-11

| स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| बनारस | -- | 16:45 |
| प्रयागराज जं. | 19:05 | 19:15 |
| फतेहपुर | 21:15 | 21:20 |
| गोंविदपुरी | 22:50 | 22:55 |
| उरई | 00:25 | 00:30 |
| वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी | 02:30 | 02:40 |
| हड़पसर | 00:55 | -- |

**गाड़ी सं. 02212 अयोध्या धाम जं.-लोकमान्य तिलक (ट.) अमृत भारत एक्सप्रेस उद्घाटन विशेष**

गाड़ी सं. **02212** अयोध्या धाम जं. से दिनांक **28.04.2026** (मंगलवार) को प्रस्थान करेगी।

**संरचनाः** स्लीपर श्रेणी-08, सामान्य-11

| स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| अयोध्या धाम जं. | -- | 16:45 |
| प्रयागराज जं. | 20:50 | 21:00 |
| मानिकपुर जं. | 23:10 | 23:15 |
| लोकमान्य तिलक (ट.) | 21:05 | -- |

**नोटः उपरोक्त रेलगाड़ियों की नियमित सेवा से संबंधित सूचना बाद में दी जायेगी।**

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR | North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | 916/26 FA

# टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत छात्रों को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में चल रहे सौ दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शनिवार को सेंट जेवियर्स हाई स्कूल सीनियर सेकेंडरी जीटी रोड में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला क्षय रोग अधिकारी ने छात्रों को टीबी क्षय रोग के लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 24 मार्च से यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य टीबी रोग के प्रति जनमानस को जागरूक कर इसे जड़ से समाप्त करना है। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक समय तक लगातार खांसी, बुखार, रात में पसीना आना, बलगम में खून आना, सीने में दर्द, वजन कम होना या भूख न लगना जैसे लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल में जांच करानी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि टीबी की पुष्टि होने पर सरकारी अस्पतालों में निरूशुल्क दवा उपलब्ध कराई जाती है। साथ ही भारत सरकार द्वारा एक अप्रैल 2018 से टीबी मरीजों को इलाज के दौरान पोषण आहार के लिए प्रतिमाह एक हजार रूपए की सहायता राशि भी प्रदान की जाती है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्रों ने भी टीबी के प्रति अपने विचार व्यक्त किए और जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। अंत में जिला क्षय रोग अधिकारी ने सभी छात्रों और शिक्षकों से अपील की कि वे इस महत्वपूर्ण जानकारी को अपने आसपास के लोगों तक पहुंचाएं, ताकि अधिक से अधिक लोग जागरूक होकर समय पर जांच और उपचार कर सकें। उन्होंने कहा कि टीबी हारेगा, देश जीतेगा का सपना तभी साकार होगा, जब समाज के हर वर्ग का सहयोग मिलेगा।

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सुकेती में पत्नी के मायके चले जाने से क्षुब्ध 23 वर्षीय युवक ने गांव के बाहर पेड़ से फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

जानकारी के अनुसार सुकेती गांव निवासी माधव उर्फ मनोज कुमार लोधी का पुत्र राहुल का अपनी पत्नी शिवदेवी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिस पर वह मायके चली गई। इसी बात से क्षुब्ध होकर उसने गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर जंगल में आम के पेड़ में रस्सी का फंदा डाल कर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना की जानकारी पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के पिता ने दी है।

# अत्यधिक मात्रा में दवा का सेवन करने से बिगड़ी हालत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के ग्राम नेवलापुर में शनिवार की सुबह 50 वर्षीय महिला ने मानसिक तनाव के चलते भारी मात्रा में दवा खा लिया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार नेवलापुर गांव निवासी गजोधर की पत्नी राजदुलारी काफी दिनों से बीमार चल रही थी। आज सुबह उसने भारी मात्रा में दवा खा लिया। कुछ देर बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे उपचार के लिए सदर अस्पताल लाए और भर्ती कराया। जहां इलाज कर रहे चिकित्सक ने उसकी हालत में सुधार बताया है।

# सड़क हादसों में तीन घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार थरियांव कस्बा निवासी इरशाद का 25 वर्षीय पुत्र एहतेशाम अहमद बाइक से खेत जा रहा था। तभी गांव से कुछ दूर पहुंचते ही सड़क पार कर रहे कुत्ते से बाइक टकरा जाने से गिरकर घायल हो गया। इसी तरह किशनपुर थाना क्षेत्र के गिरधरपुर गांव निवासी अशोक का 32 वर्षीय पुत्र केशव शनिवार की सुबह रिश्तेदारी में कौशांबी जनपद के फरीदागंज जा रहा था। जब वह खखरेरू कस्बा के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रही चार पहिया वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया जिससे वह घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।


## उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना संख्या : 05-विद्युत् /सा0/प्रयागराज/26-27 दिनांक : 22.04.2026

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत् अभियंता (सामान्य) उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा दिनांक 15.05.2026 समय 15:00 बजे तक आमंत्रित करते हैं निविदा सम्बंधित विस्तृत विवरण निम्नलिखित है-

| | |
|---|---|
| निविदा सूचना संख्या : ELG-15-2627 | काम की लागत (रू में) : 9112313.90 |
| कार्य का नाम : MWUE स्थित मौजूदा गुड्स शेड में महरावल-अपग्रेडेशन/सुधार कार्य के संबंध में विद्युत कार्य। | |
| बिड सिक्योरिटी (रू. में) : 182300.00 | कार्य समाप्त करने की समयावधि : 06 महीना |
| निविदा खुलने की तिथि : 15.05.2026, समय : 15:00 बजे | |

नोट : 1. उपरोक्त ई-टेंडर के साथ पूरी जानकारी (निविदा दस्तावेज़ के साथ) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 15:00 बजे निविदा खोलने की तिथि तक उपलब्ध है। 890/26 (C)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

## उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना सं.: 10202652027 दिनांकः 23.04.2026

**ई-निविदा सूचना**

मण्डल रेल प्रबन्धक / इंजीनियरिंग / उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्यों के लिये ई-निविदाएँ निर्धारित प्रपत्र पर **दिनांक 15.05.2026** को 13.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार हैः-

| | |
|---|---|
| क्र.सं.: 1 | निविदा नं.: 34 |
| कार्य का विवरणः (अ) सहायक मण्डल अभियन्ता/लाइन/कानपुर के अन्तर्गत ट्रिम्बल गेडो वोर्सिस ट्रॉली सिस्टम का उपयोग करके प्री और पोस्ट टैंपिंग ट्रैक माप सर्वेक्षण का कार्य। | |
| अनुमानित मूल्य (रू.): ₹ 56,82,243.60 | बयाने की रकम (रू): ₹ 1,13,600.00 |
| कार्य समापन की अवधि: 18 माह | निविदा खुलने की तिथि: 15.05.2026 |
| इलिजिबिलिटी क्राइटएरिया के अन्तर्गत सिमिलर कार्यः रेलवे लाइन/सड़क मार्ग का इंजीनियरिंग सर्वेक्षण | |

नोटः- (1) आनलाइन निविदा **दिनांक 15.05.2026** को 13:30 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। (2) उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर समय 13:30 बजे टेण्डर **खुलने की तिथि 15.05.2026** तक उपलब्ध है। 904/26 (A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


# सपा के साथ खड़ा है प्रदेश का अल्पसंख्यक समाज : नसीम उद्दीन

## - 2027 के विधानसभा चुनाव में बहुमत हासिल कर पुनः बनाएंगे सरकार

## - पीडीए वर्ग को आगे बढ़ने से रोक कर रही भाजपा, जनता सिखाएगी सबक

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री नसीम उद्दीन सिद्दीकी शनिवार को एक दिवसीय जनपद दौरे पर पहुंचे, जहां उन्होंने पार्टी संगठन को मजबूती देने और आगामी चुनावों की रणनीति पर कार्यकर्ताओं के साथ मंथन किया। उन्होंने लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष मो0 आजम खान के आवास पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी की तैयारियों का खाका भी पेश किया। पूर्व मंत्री ने कहा कि जब से वह समाजवादी पार्टी में शामिल हुए हैं, तभी से प्रदेश के विभिन्न जनपदों का लगातार दौरा कर रहे हैं। उनका उद्देश्य मिशन 2027 को सफल बनाना और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश का अल्पसंख्यक समाज पूरी तरह समाजवादी पार्टी के साथ खड़ा है और कार्यकर्ताओं की मेहनत से पार्टी को बड़ी सफलता मिलेगी। उन्होंने विषास जताया कि अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी 2027 के विधानसभा चुनाव में बहुमत हासिल कर पुनः सरकार



बनाएगी। साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अभी से 2029 के लोकसभा चुनाव की तैयारियों में भी जुट जाएं, ताकि पार्टी को लगातार जीत दिलाई जा सके। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए नसीम उद्दीन सिद्दीकी ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर के जरिए वोट चोरी करने की कोशिश की जा रही है और विपक्षी नेताओं व कार्यकर्ताओं पर फर्जी मुकदमे लगाकर उन्हें दबाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में प्रदेश में अपराध चरम पर है और आम जनता अपने को असुरक्षित महसूस कर रही है। पूर्व मंत्री ने पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) को मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि यही वर्ग समाजवादी पार्टी की असली ताकत है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार पीडीए वर्ग को आगे बढ़ने से रोकने का काम कर रही है और उसे हर स्तर पर दबाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव एक ऐसे युवा नेता हैं, जो सर्व समाज को साथ लेकर चलते हैं और हर वर्ग की समस्याओं को समझते हैं। उनके नेतृत्व में प्रदेश का समग्र विकास संभव है। इससे पूर्व लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष मो0 आजम खान की अगुवई में कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री नसीम उद्दीन सिद्दीकी का भारी–भरकम माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह यादव, महिला जिलाध्यक्ष संगीता राज पासी, असलम फर्सी, फतेहपुर चेयरमैन राजकुमार मौर्य एडवोकेट, जहानाबाद चेयरमैन आबिद हसन, अमित मौर्या, मो0 समीर कुरैशी सहित तमाम सपाई मौजूद रहे।

# चैंबर से बाहर निकलीं डीएम, फरियादियों की भीड़ देख सुनी पीड़ा

## - जनसुनवाई में 24 शिकायतें पहुंचीं, अफसरों को फटकार के साथ निस्तारण के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कलेक्ट्रेट में फरियादियों की बढ़ती भीड़ देख जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स खुद अपने चैंबर से बाहर निकल आईं और लाइन में खड़े पीड़ितों की समस्याएं एक–एक कर सुनीं। डीएम को सामने पाकर ग्रामीणों, महिलाओं और बुजुर्गों ने खुलकर अपनी पीड़ा रखी। किसी ने जमीन कब्जे की शिकायत की तो किसी ने राजस्व, पुलिस और विकास विभाग की लापरवाही का दर्द सुनाया। जनसुनवाई के दौरान कुल 24 शिकायतें दर्ज हुईं, जिन पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल निस्तारण के कड़े निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट परिसर में जनसुनवाई चल रही थी, लेकिन फरियादियों की लंबी कतार और इंतजार से परेशान लोगों को देखकर डीएम निधि गुप्ता वत्स ने संवेदनशीलता दिखाते हुए औपचारिकता छोड़ सीधे जनता के बीच पहुंचने का फैसला किया। चौंबर से बाहर निकलकर उन्होंने कुर्सी लगवाई और मौके पर ही प्रार्थना पत्र लेने शुरू कर दिए। डीएम का यह बदला अंदाज देखकर फरियादियों में उम्मीद जगी और लोगों ने खुलकर अपनी शिकायतें रखीं। जनसुनवाई में राजस्व विवाद, अवैध कब्जा, पेंशन, पुलिस कार्रवाई, नाली–खड़ंजा, राशन कार्ड और विभागीय लापरवाही से जुड़ी शिकायतें सबसे अधिक रहीं। जिलाधिकारी ने कई मामलों में संबंधित अधिकारियों को फोन मिलाकर जवाब तलब किया, जबकि लंबित मामलों पर नाराजगी भी जताई। उन्होंने साफ कहा कि जनता की



शिकायतों में लापरवाही किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगी और प्रत्येक प्रार्थनापत्र का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण सिर्फ कागजों में नहीं बल्कि मौके पर जाकर कराया जाए, ताकि पीड़ितों को बार–बार कलेक्ट्रेट के चक्कर न लगाने पड़ें। जिलाधिकारी के जनता के बीच पहुंचकर समस्याएं सुनने से फरियादियों ने राहत महसूस की और प्रशासनिक सक्रियता की चर्चा पूरे दिन कलेक्ट्रेट में होती रही।

### जनता के बीच पहुंचने से बदला माहौल

आमतौर पर अफसरों के चैंबर तक सीमित रहने वाली जनसुनवाई शुक्रवार को अलग नजर आई। डीएम के खुद बाहर आकर शिकायतें सुनने से फरियादियों में भरोसा जगा कि उनकी आवाज सीधे जिले के मुखिया तक पहुंच रही है।

# कलेक्ट्रेट में डीएम का औचक छापा, बिखरी फाइलों पर भड़कीं

## - कृषक दुर्घटना योजना के लंबित आवेदनों पर जताई नाराजगी

## - ई-ऑफिस से कामकाज तेज करने के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले की नवागंतुक जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर में औचक निरीक्षण कर सरकारी दतरों की सुस्त कार्यशैली पर सख्त रुख दिखाया। अभिलेखागार, भूलेख और बंदोबस्त चकबंदी कार्यालय का जायजा लेते हुए उन्होंने बेतरतीब रखी पत्रावलियों, लंबित आवेदनों और पुराने ढर्रे पर चल रहे कामकाज पर नाराजगी जताई। डीएम ने साफ कहा कि मुख्यमंत्री .षक दुर्घटना कल्याण योजना के आवेदनों को अब किसी भी हाल में लटकाया न जाए और तहसील से लेकर जिला स्तर तक सत्यापन कराकर पात्र किसानों को तत्काल लाभ दिलाया जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अभिलेखागार में मुआयना रजिस्टर, मूल बैनामा



वापसी रजिस्टर, दाखिल दतरी और माल पत्रावलियों की गहन पड़ताल की। वहीं भूलेख कार्यालय में किसानों से जुड़े प्रकरणों की फाइलें खंगालीं तो बंदोबस्त चकबंदी कार्यालय में लंबित वादों की स्थिति जानी। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन रैकों में फाइलें रखी गई हैं, उन पर स्पष्ट लैक्सी लगाई जाए ताकि पत्रावलियों की पहचान और खोज में समय बर्बाद न हो। डीएम ने पाया कि कई महत्वपूर्ण नक्शों का डिजिटलीकरण अब तक अधूरा है। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए जल्द से जल्द सभी नक्शों को डिजिटल रिकॉर्ड में शामिल करने के आदेश दिए। साथ ही चकबंदी वादों के समयबद्ध निस्तारण और फाइलों के व्यवस्थित रखरखाव पर विशेष जोर दिया। सरकारी दतरों को कागजी बोझ से मुक्त करने के लिए जिलाधिकारी ने ई–ऑफिस प्रणाली को पूरी तरह लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पत्रावलियों का आदान–प्रदान अब डिजिटल माध्यम से हो ताकि कामकाज में पारदर्शिता आए और अनावश्यक देरी पर रोक लगे। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) डॉ. अविनाश त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुनील कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। डीएम के इस सख्त तेवर के बाद कलेक्ट्रेट के विभिन्न कार्यालयों में पूरे दिन हड़कंप का माहौल बना रहा।

# चकबंदी में भ्रष्टाचार के आरोप, ग्रामीणों ने डीएम से की शिकायत

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। खागा तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गढ़ा में चल रही चकबंदी प्रक्रिया को लेकर ग्रामीणों में भारी असंतोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर चकबंदी अधिकारियों व कर्मचारियों पर गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। रग्घूपुर मजरे गढ़ा गांव निवासी शिकायत कर्ता नागेश त्रिपाठी का आरोप है कि चकबंदी लेखपाल और अन्य अधिकारी मनमाने ढंग से कार्य कर रहे हैं तथा वादों की सुनवाई नियमानुसार नहीं की जा रही है। इससे वादकारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और पूरे क्षेत्र के किसान त्रस्त हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि चक काटने के नाम पर काश्तकारों से अवैध वसूली की जा रही है और अब तक लाखों रुपये की उगाही हो चुकी है। इसमें एक लेखपाल की प्रमुख भूमिका बताई जा रही है। इसके अलावा धारा क के तहत खातों का समुचित बंटवारा भी नहीं किया गया है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि दाखिल–खारिज और वरासत के मामलों में एसीओ स्तर पर पांच हजार रुपये तथा सीओ स्तर पर 10 से 15 हजार रुपये तक की मांग की जाती है। वहीं लेखपाल द्वारा वरासत रिपोर्ट, अमलदरामद और खतौनी की नकल के लिए भी अलग–अलग शुल्क वसूले जाने के आरोप हैं। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि चकबंदी कार्यालय में लेखपाल निजी माध्यम से खतौनी की नकल तैयार करवा रहे हैं, जिससे किसानों में अपने भूमि अभिलेखों को लेकर भय का माहौल है। साथ ही सहायक चकबंदी अधिकारी द्वारा तहसील परिसर से दूर निजी स्थान पर कार्यालय संचालित करने के कारण किसानों को पूरे दिन भटकना पड़ता है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि चकबंदी प्रक्रिया पारदर्शी और न्यायसंगत ढंग से पूरी हो सके।

# मंदिर में कब्जे की नियत से काटा पेड़

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। तहसील क्षेत्र के नरैनी गांव स्थित एक प्राचीन हनुमान मंदिर परिसर में पेड़ों की कटाई और भूमि पर कब्जे के प्रयास किया जा रहा है। गांव निवासी कुंवरेंद्र शुक्ला ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार मंदिर परिसर में वर्षों पुराने आम और गुलर के पेड़ लगे थे, जिन्हें कुछ लोगों द्वारा काट दिया गया।

प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि ग्रामीणों ने मिलकर पेड़ों को काट डाला। विरोध करने पर शिकायतकर्ता के साथ मारपीट भी की गई, जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन बताया गया है। इसके बाद 21 अप्रैल 2026 को आरोपित पक्ष फिर से मंदिर परिसर में पहुंचा और जबरन कब्जे की नीयत से मिट्टी डलवाने लगा। शिकायतकर्ता का कहना है कि आरोपितों ने गाली–गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। मंदिर के पुजारी होने के नाते उन्होंने इसे धार्मिक स्थल की गरिमा से जुड़ा गंभीर मामला बताया है। ग्रामीणों में भी इस घटना को लेकर आक्रोश देखा जा रहा है। पीड़ित ने प्रशासन से मांग की है कि मंदिर परिसर की भूमि पर अवैध कब्जा रोका जाए और पेड़ों की कटाई करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही सुरक्षा की भी गुहार लगाई गई है। एसडीएम अभिनीत कुमार ने बताया कि शिकायत नहीं मिली है।

# पोर्टल पर पंजीकरण न कराने वाले कीटनाशी विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में .षि विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एकी.त कीटनाशी प्रबंधन प्रणाली पोर्टल पर पंजीकरण न कराने वाले तीस से अधिक कीटनाशी विक्रेताओं के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए हैं। यह कार्रवाई जिला .षि रक्षा अधिकारी के निर्देशन में की गई है।

जिला .षि रक्षा अधिकारी ने बताया कि अपर .षि निदेशक (.षि रक्षा), .षि भवन लखनऊ के पत्र 12 सितंबर तथा .षि निदेशालय के सात मार्च के निर्देशों के अनुपालन में यह कदम उठाया गया है। भारत सरकार के .षि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा संचालित पोर्टल का उद्देश्य कीटनाशकों के विक्रय और उपयोग की निगरानी को पारदर्शी एवं प्रभावी बनाना है। उन्होंने बताया कि सभी कीटनाशी विक्रेताओं को पूर्व में प्रेस विज्ञप्ति एवं विभागीय पत्रों के माध्यम से प्च्डै पोर्टल पर पंजीकरण कराने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद जिन प्रतिष्ठानों ने अब तक पंजीकरण नहीं कराया, उनके विरुद्ध यह कठोर कार्रवाई की गई है। निलंबित किए गए प्रतिष्ठानों में काजल बीज भंडार बिंदकी, आईएफएफडीसी .षक सेवा केंद्र लोधीगंज, टीडीएस एग्रो प्राइवेट कंपनी गाजीपुर रोड, सांई ट्रेडर्स दरवेशाबाद, सेंगर एग्रीजंक्शन धमिना, सिंह खाद बीज भंडार बैरामपुर, शुक्ला फर्टीलाइजर एंड पेस्टीसाइड्स, ओम प्रकाश बीज भंडार आंबापुर, तांबेष्वर .षक जैव ऊर्जा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड खंबापुर सहित अन्य कई प्रतिष्ठान शामिल हैं। .षि विभाग ने स्पष्ट किया है कि आईपीएमएस पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है और इसका पालन न करने वाले विक्रेताओं के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। विभाग ने शेष विक्रेताओं को चेतावनी देते हुए जल्द से जल्द पंजीकरण सुनिश्चित करने की अपील की है, ताकि लाइसेंस निलंबन जैसी कार्रवाई से बचा जा सके। विशेषज्ञों का मानना है कि पोर्टल के माध्यम से कीटनाशकों की बिक्री पर निगरानी मजबूत होगी, जिससे नकली एवं अवैध कीटनाशकों पर रोक लगाने में मदद मिलेगी और किसानों को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध हो सकेंगे।

# सपा ने दिखाई ताकत, नसीमुद्दीन का बॉर्डर से ललौली तक हुआ स्वागत

## - जिलाध्यक्ष की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने पहनाई मालाएं

## - अल्पसंख्यक सभा ने प्रतीक चिह्न देकर किया सम्मान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। समाजवादी पार्टी ने शनिवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री व पार्टी के वरिष्ठ नेता नसीम उद्दीन सिद्दीकी के जनपद आगमन पर शक्ति प्रदर्शन किया। जनपद सीमा चिल्ला घाट से लेकर ललौली तक सपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत कर संगठन की एकजुटता का संदेश दिया। जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर उनका



अभिनंदन किया। पूर्व मंत्री के साथ प्रदेश सचिव हसन सिद्दीकी व पूर्व प्रत्याशी अफजल सिद्दीकी भी मौजूद रहे। चिल्ला घाट बॉर्डर पर ढोल–नगाड़ों और नारों के बीच नेताओं का स्वागत हुआ तो ललौली पहुंचने पर भी कार्यकर्ताओं ने फूल–मालाओं से अभिनंदन कर माहौल को पूरी तरह सियासी रंग दे दिया। इस दौरान जिला महासचिव चौधरी मंजर यार, पूर्व जिलाध्यक्ष दलजीत निषाद, जिला उपाध्यक्ष रीता प्रजापति, जिला सचिव हीरालाल साहू, अखिलेश सविता, सुमित साहू, विधानसभा अध्यक्ष मनोज यादव, डॉ. अमित पाल, वीरेंद्र साहू फौजी, सलमान अहमद, नरेंद्र प्रजापति, महेंद्र निषाद, फखरुद्दीन अहमद, आशीष नामदेव, प्रमोद यादव, सुरेंद्र प्रजापति, रामफल यादव, अभिलाष यादव, शरद पाल, सुधीर यादव, देवेंद्र यादव, इखलाक अहमद, अयाज अहमद समेत बड़ी संख्या में सपाई मौजूद रहे। ललौली में जिला अल्पसंख्यक सभा अध्यक्ष सलमान अहमद व जिला महासचिव ने नसीम उद्दीन सिद्दीकी को प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला और जगह–जगह सपा जिंदाबाद के नारों से माहौल गूंजता रहा।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )